दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
नई दिल्ली।। मंगलवार 17 सितम्बर -2024 | वर्ष : 8 अंक : 338 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3




## आज एलजी को इस्तीफा सौंपेंगे सीएम अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मंगलवार शाम साढ़े 4 बजे मिलने का समय दिया है। इसी समय केजरीवाल सीएम पद से इस्तीफा देंगे और नया नाम सौंपेंगे। इससे पहले दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया केजरीवाल से मिलने उनके घर पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक, दोनों नेताओं में अगले मुख्यमंत्री को लेकर चर्चा हुई। आप की राजनीतिक मामलों की कमेटी की बैठक भी आज शाम को हुई। इसमें नए मुख्यमंत्री समेत पार्टी की आगे की रणनीति पर चर्चा हुई। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा- पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक बुलाई थी। इसमें सभी सीनियर नेता और सरकार के कैबिनेट मंत्री शामिल थे। केजरीवाल ने नए सीएम को लेकर वन-टु-वन चर्चा की। कल ढअउ की बैठक का दूसरा दौर होगा, जिसमें विधायकों से चर्चा होगी।



13 सितंबर को शराब नीति केस में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद केजरीवाल ने 15 सितंबर को मुख्यमंत्री पद छोड़ने का ऐलान किया था। केजरीवाल के इस्तीफे की घोषणा के बाद चर्चा है कि आतिशी, कैलाश गहलोत, गोपाल राय और सुनीता केजरीवाल में से कोई एक दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री बन सकता है।

केजरीवाल ने कहा कि जनता को तय करना है कि केजरीवाल ईमानदार है या बेईमान। चुनाव के बाद जनता ने चुना तो पद पर बैठूंगा। चुनाव होने तक पार्टी दो-तीन दिन में नया मुख्यमंत्री चुनेगी। सूत्रों के मुताबिक, आतिशी, कैलाश गहलोत, गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज और सुनीता केजरीवाल में से कोई एक मुख्यमंत्री बन सकता है।

# नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव आज

## पांचवें उम्मीदवार राजीव शर्मा, मगर प्रेस नोट में आया पहले नंबर पर नाम




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जो नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव पहली बार टला, फिर दूसरी बार टला लेकिन आज ये चुनाव होने जा रहा है। आज नगर निगम कार्यकारिणी के चुनाव में भाजपा ने पांचवा उम्मीदवार उतारा है। ये पांचवे उम्मीदार राजीव शर्मा हैं और भले ही वो पांचवे उम्मीदवार हैं लेकिन भाजपा का प्रेस नोट बता रहा है कि राजीव शर्मा पहले उम्मीदवार हैं। उनका नाम पहले नंबर पर दिया गया है। आज ये चुनाव होगा और इसमें 6 कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव में भाजपा की रणनीति पांच पार्षद अपने जिताने और एक सीट विपक्ष के लिए छोड़ने की है। इस चुनाव में सबसे रोचक बात निगम कार्यकारिणी के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव शर्मा का मैदान में आना है। पिछली बार राजीव शर्मा की वजह से निगम कार्यकारिणी का चुनाव स्थगित हुआ था और राजीव शर्मा पांचवे उम्मीदवार थे। अब राजीव शर्मा निगम कार्यकारिणी के चुनाव में आ रहे हैं और बड़ी बात ये है कि भाजपा ने अपनी लिस्ट में उन्हें पहले स्थान पर रखा है।

### पार्टी ने जारी किया व्हिप और महानगर अध्यक्ष ने कर दिया निष्कासन का ऐलान

करंट क्राइम। निगम कार्यकारिणी का चुनाव आज है और इस चुनाव में कोई विघ्न ना हो इसके लिए पार्टी ने व्हिप जारी किया है। भाजपा पार्षद दल के मुख्य सचेतक अमित त्यागी ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने व्हिप जारी किया है और सभी पार्षदों को उसका पालन करना है। वहीं भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने भी ऐलान कर दिया है कि उम्मीदवार बनाये गये पार्षदों के अतिरिक्त अगर भाजपा के किसी भी पार्षद ने निगम कार्यकारिणी चुनाव में नामांकन किया तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी और पार्टी से निष्कासित किया जायेगा।



### पूर्ण बहुमत भाजपा का तो कार्यकारिणी में भी बहुमत भाजपा का : मेयर

करंट क्राइम। मेयर सुनीता दयाल ने निगम कार्यकारिणी चुनाव को लेकर अब राजीव शर्मा के नाम पर सहमति की मुहर लगायी है। पिछली बार चुनाव ही राजीव शर्मा की वजह से स्थगित हुआ था। राजीव शर्मा का दावा था कि उनके पास वोट हैं और पार्टी केवल सपोर्ट करे। इस बार ये लग रहा है कि भाजपा के पास वोट भी हैं और राजीव शर्मा को सपोर्ट भी मिल रही है। मेयर सुनीता दयाल ने कहा है कि पूर्व में भाजपा संगठन में चार सदस्यों को नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव में उतारा था। लेकिन इस बार हमने पांच सदस्यों को प्रत्याशी बनाया है। जिनको जिताकर हम निगम कार्यकारिणी के सदस्य बनायेंगे। मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम में भाजपाका पूर्ण बहुमत है और इस हिसाब से कार्यकारिणी के चुनाव में भी अधिक संख्या भाजपा के सदस्यों की होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने संगठन के अध्यक्ष संजीव शर्मा से बात कर भाजपा के पांच पार्षदों को प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा है।



### भाजपा के लिए बड़ी चुनौती होगा अपने पांच कार्यकारिणी सदस्यों को जिताना






करंट क्राइम। भाजपा ने पांच उम्मीदवार मैदान में उतार दिये हैं। अमित त्यागी मुदगल, पूनम सिंह, नरेश भाटी, नीरज गोयल मैदान में हैं और अब कहानी में नया मोड राजीव शर्मा की एन्ट्री के बाद हो गया है। कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव होना है और यहां भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने पांच सदस्यों को जिताना है। कार्यकारिणी के छह सदस्य रिटायर हो गये और अब उनके स्थान पर छह सदस्य चुने जाने हैं। यहां राजीव शर्मा पहले दोहरा चुके हैं कि उनके पास वोट का इंतजाम है और इस जंग में 98 पार्षद वोट डालेंगे। दो पार्षदों का निधन हो चुका है। वहीं भाजपा के पास अगर संख्याबल के हिसाब से देखें तो पदेन सदस्यों के वोट मिलाकर लगभग 90 वोट उसके पास हैं। यहां भाजपा के सामने पांच के आंकड़े को पार करना चुनौती रहेगी।

### कौन सा डीएम हो गया कार्यकारिणी चुनाव में ऑलरेडी मैनेज




करंट क्राइम। भाजपा को ये गेम जीतना है और वो संख्या बल के हिसाब से यहां मजबूत है। यहां पर विपक्ष को देखें तो उसने डीएम यानी दलित-मुस्लिम समीकरण को फोलो किया है। विपक्ष की ओर से मुस्तिकीन और नरेश जाटव मैदान में है। सूत्र बताते हैं कि दलित और मुस्लिम यानी डीएम में से एक डी या एक एम को मैनेज कर लिया गया है। सूत्र बता रहे हैं कि एक को बैकफुट पर आना है। ऐसे में अगर आज इन दो में से किसी ने नामांकन वापस लिया तो ये माना जायेगा कि कोई है जो पूरे गो को कंट्रोल कर रहा है।

### विपक्ष को दिखानी है अपनी ताकत और बनानी होगी संयुक्त रणनीति

करंट क्राइम। कार्यकारिणी चुनाव में भाजपा मजबूत दिखाई दे रही है। सबसे खास बात ये है कि पिछली बार रायता ही उसके पार्षदों ने फैलाया था। इस बार भाजपा ने पहले ही मामले को मैनेज किया है। व्हिप जारी किया है और यहां पर सबसे बड़ी चुनौती विपक्ष के सामने है। विपक्ष को अपनी रणनीति बनानी है। पहले उसके दो पार्षद कार्यकारिणी में जाते लेकिन अब एक के चांस हैं। विपक्ष की ओर से मुस्तिकीन और नरेश जाटव उम्मीदवार हैं। विपक्ष की रणनीति कितना काम करती है ये देखा जायेगा। उसके पास जो वोट हैं वो उसे कितना सपोर्ट करेंगे ये देखने की बात होगी।

### राजीव शर्मा बनेंगे इस गेम में रणनीति के सिकंदर

करंट क्राइम। राजीव शर्मा को पिछली बार पर्ची गेम का नुकसान हुआ था। वो बाहर हो गये थे और चर्चा ये गरम थी कि पर्ची ठंडी रही है। पिछली बार वो सफलता नहीं कर पाये थे। इस बार वो गेम में पूरी ताकत के साथ वापस लौटे हैं। यहां भाजपा की एक रणनीति ये भी रहेगी कि निर्विरोध चुनाव हो जाये और ऐसे में वो अपने पांच सदस्य जिताकर छठे विपक्ष के सदस्य के लिए रास्ता छोड़ेगी। सूत्र बताते हैं कि राजीव शर्मा इस गेम में रणनीति का सिकंदर बनने जा रहे हैं।



### हाउस टैक्स को लेकर होने वाली बैठक स्थगित

करंट क्राइम। मेयर सुनीता दयाल ने निगम में दो बैठक आयोजित की थी। पहली बैठक निगम कार्यकारिणी चुनाव को लेकर थी और दूसरी बैठक निगम की बोर्ड बैठक थी। चूंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गाजियाबाद आगमन 18 सितंबर को हो रहा है। वह रामलीला मैदान में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। 17 सितंबर को निगम कार्यकारिणी चुनाव है और 18 सितंबर को मुख्यमंत्री गाजियाबाद में होंगे। 18 सितंबर को होने वाली सम्भावित निगम बोर्ड बैठक स्थगित कर दी गई है। मेयर ने अभी बोर्ड बैठक के लिए नई तारीख की घोषणा नहीं की है।

## मेयर सुनीता दयाल का ऐलान, बढ़ा हुआ गृह कर जमा ना करें शहरवासी

### बोर्ड बैठक से पहले मेयर ने फिर दिया बयान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भले मंगलवार को नगर निगम में कार्यकारिणी के नए सदस्यों को चुनने का चुनाव हो लेकिन अभी नगर निगम में जो ऑल इज वेल वाली स्थिति नजर नहीं रही है। नगर निगम की बैठक जो 18 सितंबर को होनी थी, उसे मुख्यमंत्री योगी के कार्यक्रम की वजह से स्थिगित कर दिया गया ह। वहीं उससे ठीक पहले शहर की महापौर सुनीता दयाल का एक बड़ा बयान और ऐलान सामने आया है।

सुनीता दयाल ने महापौर के नाते गाजियाबाद के लोगों से अपील की है कि जो गृहकर को बढ़ाकर टेक्स नोटिस भेजा जा रहा है, उसे जमा ना कराया जाए। बता दें कि शुरू से ही महापौर सुनीता दयाल गृहकर में बढ़ोत्तरी का विरोध कर रही हैं। वह शहरवासियों पर गहकर के अतिरिक्त बोझ से दबाना नहीं चाहती हैं। इसी लिए वह लगातार जनप्रतिनिधियों से लेकर शासन तक अपनी आवाज बुलंद कर रही हैं।

### गृहकर को लेकर बयान के हैं कई मायने

करंट क्राइम : जिस तरीके से महापौर सुनीता दयाल ने शहर में नगर निगम अधिकारियों द्वारा गृहकर की दरों में बढ़ोत्तरी करके बिल भेजे जा रहे हैं, जबकि पूर्व की बैठक में गृहकर ना बढ़ाए जाने पर सहन से चर्चा भी हो चुकी है। इसपर महापौर सुनीता दयाल ने शहर के सभी वासियों से बढ़ी हुई गृहकर के भेजे गए बिल को ना जमा करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है क्योंकि पूर्व में हुए निर्णय के विपरीत यह कर अधिकारियों द्वारा तय किया जा रहा है।




अधिकारियों के इस कार्य को रोकने के लिए माननीय सदन की बैठक कर इस प्रस्ताव को निरस्त किया जाएगा और शहरवासियों को बढ़ा कर भेजे गए गृहकर से राहत दिलाई जाएगी। वहीं निगम में चर्चा है कि गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है और उपचुनाव से पहले लोगों पर टैक्स का बोझ न देकर इसे महापौर इलेक्शन से पहले मास्टर स्ट्रोक के रूप में इस्तेमाल करना चाहती हैं।

### जनप्रतिनिधियों का भी मेयर को मिला है समर्थन

करंट क्राइम :भले नगर निगम के सदन में गृहकर की बढ़ोत्तरी पर सहमति बन गई थी लेकिन महापौर सुनीता दयाल लगातार इसके विरोध में हैं। वह लखनऊ में मुख्यमंत्री और शासन के अधिकारियों तक अपनी आवाज बुलंद कर चुकी हैं। तो वहीं उन्होंने कहा है कि शहर के सभी जनप्रतिनिधियों की भी एकमत से राय है कि गृहकर ना बढ़ाया जाए और इसको किसी भी हाल में कायम रखा जाएगा। उधर निगम के गलियारों में चर्चा है कि जिस तरीके से महापौर और नगर आयुक्त के बीच लैटर और मैटर वाली फाइट शुरू हुई थी, वह गृहकर बढ़ोत्तरी का मसला भी उसी का एक पहलू है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे सभा के बाद 200 कार्यकर्ताओं से वार्तालाप



### वरिष्ठ नेता, मोर्चा प्रकोष्ठ के साथ पार्षदों को भी मिला है लिस्ट में स्थान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद आ रहे हैं और बताया जा रहा है कि कार्यकर्ताओं से मुलाकात का फार्मेट जारी होगा। वो जनसभा के बाद घंटाघर रामलीला मैदान में बने अशोक वाटिका में 200 कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। सूत्र बताते हैं कि अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अंदाज-ए-मुलाकात कुछ अलग हैं। जब वो हाल ही में गाजियाबाद में हिंदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में आये थे तो यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से वन-टू-वन बात की थी और अब जब वो रोजगार मेले में आ रहे हैं तो यहां भी उनका अंदाज यही रहेगा। सूत्र बताते हैं कि जनसभा को सम्बोधित करने के बाद वो कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी करेंगे और बात भी करेंगे। बताया जाता है कि इस मुलाकात का फार्मेट आ गया है। जब मुख्यमंत्री आयेंगे तो यहां जनसभा के बाद एक और कार्यक्रम रखा गया है। ये कार्यक्रम कार्यकर्ताओं से मुख्यमंत्री की मुलाकात का है। रामलीला मैदान में ही बने अशोक वाटिका स्थल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 200 कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे, उनसे बात करेंगे। यहां स्क्रीन भी लगेगी और मुलाकात का ये फार्मेट हिंदी भवन जैसा होगा।

बताया जाता है कि 200 कार्यकर्ताओं की इस लिस्ट में कई वरिष्ठ नेताओं के नाम हैं। इसके अलावा भाजपा के विभिन्न मोर्चा और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को इस सूची में स्थान मिला है। इसके अलावा भाजपा के कई पार्षदों को भी मुख्यमंत्री से मुलाकात वाली लिस्ट में प्रमुखता से स्थान दिया गया है।

# करंट क्राइम की खबर का हुआ असर, भरे गए मुख्य मार्ग के गड्ढे


मुख्यमंत्री का शहर में आगमन और सड़कों पर गड्ढों का अंबार
अधिकारियों की फाइलों में खो गया गड्ढा मुक्त अभियान
चार दिन हुई बारिश से खुल गई गाजियाबाद में सड़कों की पोल
मोहन नगर की सड़क गड्ढों से है भरपूर ,जनता कह रही है समस्या कब होगी दूर
सीन 01 स्थान : मोहन नगर
सीन 02 स्थान : मेरठ रोड तिराहा
मेरठ रोड तिराहे का है
वसुंधरा रेड लाइट और लिंक रोड मार्ग भी है
सीन 03 स्थान : लिंक रोड
इंदिरापुरम मार्ग पर भी
सीन 03 स्थान : इंदिरापुरम मार्ग
ग्राउंड रिपोर्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दैनिक करंट क्राइम में प्रकाशित खबर का एक बार फिर असर देखने को मिला है। सोमवार के अंक में दैनिक करंट क्राइम ने खबर प्रकाशित की थी कि शहर में मुख्यमंत्री का आगमन और सड़कों पर गड्ढे के अंबार हैं। जिसमें मोहन नगर से लेकर इंदिरापुरम और मेरठ रोड से लेकर लिंक रोड जैसे प्रमुख स्थानों की गड्ढा मुक्त अभियान वाली तस्वीरों को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। साथ ही यह भी बताया गया था कि किस प्रकार से मुख्यमंत्री के आगमन से पहले ही अधिकारियों द्वारा गड्ढा मुक्त अभियान को सफल करने के प्रेसनोट जारी हुए थे और सड़कें ठीक करने के आदेश दिए गए थे। वहीं बीते दिनों चार दिन तक हुई बारिश के बाद सड़क की हालत खस्ताहाल हो गई थी। सोमवार को जैसे ही अधिकारियों के सामने यह खबर पहुंची, उन्होंने संज्ञान लिया और मोहन नगर में आसपास के मुख्य मार्ग पर जो गड्ढे बने हुए थे, उनको भरवाने का काम किया गया है। वहीं नगर निगम के अधिकारियों ने भी लिंक रोड और इंदिरापुरम क्षेत्र के गड्ढों को लेकर जल्द से जल्द ठीक कराने का आश्वासन दिया है। बता दें कि दैनिक करंट क्राइम ने प्रमुखता के साथ अलग-अलग स्थानों की खबर प्रकाशित की थी, जिसका एक बार फिर असर देखने को मिला।




### जारी है पड़ताल कहां-कहां हैं सड़क पर गड्ढे

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद में सड़कों की हालत कैसी है और मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी के आदेशों का ऑन रोड कितना पालन हो रहा है। इसको लेकर दैनिक करंट क्राइम की पड़ताल लगातार जारी है। बीते दिनों हुई बारिश के बाद शहर में जगह गड्ढे हो गए हैं और इन गड्ढो की वजह से लोगों के आवागमन में परेशानी होती है। साथ ही टूटी सड़क पर हादसों के होने का डर भी बना रहता है। अगर आपके आसपास भी कहीं पर गड्ढा युक्त सड़के हैं, तो दैनिक करंट क्राइम को जानकारी दीजिए। दैनिक करंट क्राइम इस मुद्दे को प्रमुखता के साथ प्रकाशित करेगा। साथ ही गड्ढे वाली सड़कों को भरवाने के भी प्रयास किए जाएंगे।

# क्या महाराष्ट्र के साथ दिल्ली में हो सकते हैं चुनाव



**नई दिल्ली।** दिल्ली में सियासी उठापटक जारी है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफा देने का एलान कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से जल्द चुनाव कराने की मांग भी की है। ये तमाम घटनाक्रम अरविंद केजरीवाल के जेल से बाहर आने के बाद हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में जमानत दे दी है।

दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने भी मांग की है कि राज्य में महाराष्ट्र के साथ चुनाव हों। उधर केजरीवाल के इस्तीफे के एलान के बाद सियासत भी तेज हो गई है। देश की सत्ताधारी भाजपा ने इसे 'पीआर स्टंट' करार दिया है। वहीं दिल्ली कांग्रेस ने भी दिल्ली के मुख्यमंत्री के इस्तीफे की घोषणा को दिखावा बताया है। देश की राजधानी में सियासी उठापटक की शुरूआत बीते शुक्रवार (13 सितंबर) से होती है। दरअसल, दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत मिली। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें सशर्त जमानत दे दी। केजरीवाल शुक्रवार शाम को तिहाड़ जेल से बाहर आ गए। जून के अंत में आप नेता को केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) ने गिरफ्तार किया था। जेल से बाहर आने के बाद ही दिल्ली की सियासत गमार्ने लगी। आप सुप्रीमो ने इसके बाद पार्टी के नेताओं से मुलाकात की। वहीं गत रविवार को केजरीवाल ने दिल्ली स्थित आप कार्यालय में पार्टी कार्यकताओं को सम्बोधित किया।

इसी दौरान केजरीवाल ने सीएम पद छोड़ने एलान कर सभी को चौंका दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। आप नेता ने कहा कि जब तक लोग उन्हें ईमानदारी का प्रमाण-पत्र नहीं दे देते, तब तक वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। केजरीवाल ने कहा कि विधायक दल की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें नए सीएम के नाम पर सहमति बनाई जाएगी। दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल अगले साल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है और फरवरी की शुरूआत में चुनाव होने की उम्मीद है। हालांकि, केजरीवाल ने रविवार को मांग की कि दिल्ली में महाराष्ट्र के साथ-साथ नवंबर में मतदान हो। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। विशेषज्ञ ने कहा, 'कानूनी तौर पर चुनाव आयोग के पास महाराष्ट्र के साथ-साथ दिल्ली में विधानसभा चुनाव कराने की शक्ति है। लेकिन पिछले मौकों पर दिल्ली में चुनाव अलग से हुए थे। चुनाव आयोग के पास महाराष्ट्र और दिल्ली चुनावों को एक साथ कराने का एक कारण होना चाहिए।

### जल्द चुनाव कराने को लेकर दिल्ली सरकार ने क्या कहा?

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने अपने पद छोड़ने के एलान के साथ ही दिल्ली में समय से पहले चुनाव कराने की मांग की। केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के मुख्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'हम चुनाव आयोग से दिल्ली में नवंबर में ही चुनाव कराने की मांग करेंगे।' केजरीवाल के अलावा भी कई आप नेताओं ने राजधानी में समय से पहले चुनाव कराने की मांग की है। सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दावा किया, 'दिल्ली के लोगों के अंदर ऐसी बेसब्री है कि वह कह रहे हैं कि जल्दी चुनाव हों और हम आम आदमी पार्टी को वोट देकर को फिर से मुख्यमंत्री बनाएं।'

### ...तो क्या दिल्ली में जल्द चुनाव हो सकते हैं?

इस मसले को समझने के लिए अमर उजाला ने सुप्रीम कोर्ट के वकील और संविधान के जानकार विराग गुप्ता से बात की। विराग कहते हैं, 'कहा जा रहा है कि एक देश एक चुनाव का एजेंडा मोदी-3.0 के कार्यकाल में पूरा होगा। इसके लिए राज्यों के विधानसभा चुनावों के कैलेंडर को जोड़कर दुरुस्त करना पड़ेगा। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-15 के अनुसार विधानसभा का कार्यकाल समाप्त होने के 6 महीने के चुनाव आयोग विधानसभा के जल्द चुनाव कराने का निर्णय ले सकता है। महाराष्ट्र में विधानसभा के चुनाव अक्तूबर 2019 और दिल्ली में विधानसभा के चुनाव फरवरी 2020 में हुए थे। इसलिए संवैधानिक तौर पर दोनों राज्यों में विधानसभा के चुनाव एक साथ हो सकते हैं।'

# प्रदेश को मिल सकता है एक और जिला



**लखनऊ।** यूपी को एक और जिला मिल सकता है। यदि यह जिला बनता है तो प्रदेश में जिलों की संख्या 76 हो जाएगी। इस मामले में राजस्व परिषद ने गोरखपुर के कमिश्नर से रिपोर्ट मांगी है। यूपी को एक और जिला मिल सकता है। अगर यह जिला बनता है तो प्रदेश में जिलों की संख्या 76 हो जाएगी। प्रदेश में फरेंदा को नया जिला बनाने के लिए गोरखपुर के कमिश्नर से रिपोर्ट मांगी गई है। इस संबंध में राजस्व परिषद के आयुक्त एवं सचिव की ओर से गोरखपुर के डीएम को पत्र भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि महराजगंज की तहसील फरेंदा व नौतनवा और गोरखपुर की तहसील कैंम्पियरगंज को मिलाकर फरेंदा बनाए जाने के संबंध में अपनी रिपोर्ट स्पष्ट संस्तुति के साथ दें। डीएम को यह रिपोर्ट गोरखपुर के मंडलायुक्त के जरिये राजस्व परिषद को भेजनी है। वहीं, राजस्व परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार का कहना है कि सामान्य प्रक्रिया के तहत जिलों से रायशुमारी के लिए पत्र जारी हुआ है। फिलहाल शासन स्तर पर कोई नया जिला बनाने का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

### हो रहा है विरोध भी

सूत्रों के अनुसार महराजगंज जिला प्रशासन ने इस प्रस्ताव को लेकर असमहित जाहिर की है। उनका कहना है कि नया जिला बनने पर महराजगंज में सिर्फ दो तहसीलें महराजगंज सदर और निचलौल बची रहेंगी। जो कि शासन के अनुरूप नहीं होगा। एक जिले में कम से कम तीन तहसीलें होनी चाहिए।

### रायशुमारी के लिए जारी हुआ पत्र

सामान्य प्रक्रिया के तहत जिलों से रायशुमारी के लिए पत्र जारी हुआ है। फिलहाल शासन स्तर पर कोई नया जिला बनाने का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

## न्यूज डायरी

### 'हम ईमानदारी से सरकार चला रहे', प्रधानमंत्री के आरोपों पर झारखंड सरकार ने दी सफाई



**रांची।** पीएम मोदी ने कहा कि 'झामुमो के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ खड़े हैं। ये घुसपैठिए और कट्टरपंथी झामुमो को भी अपने कब्जे में लेते जा रहे हैं।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को झारखंड के जमशेदपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए झारखंड की झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन सरकार पर तीखा हमला बोला था। अब प्रधानमंत्री के आरोपों पर झारखंड सरकार ने प्रतिक्रिया दी है। झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा है कि हम पूरी ईमानदारी से सरकार चला रहे हैं।

#### झारखंड के वित्त मंत्री ने दी सफाई

रामेश्वर उरांव ने कहा कि 'उदाहरण के साथ आरोप लगाए जाने चाहिए। हम कोई पैसा नहीं लूट रहे हैं। हम सरकार पूरी ईमानदारी से चला रहे हैं और लोगों के कल्याण पर पैसा खर्च कर रहे हैं।' झारखंड विधानसभा चुनाव में झामुमो और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि 'दोनों पार्टियों के बीच सीटों को घटाने या बढ़ाने से फायदा नहीं होगा। पिछली बार का झामुमो-कांग्रेस का गठबंधन सफल रहा औ इससे दोनों पार्टियों को फायदा होगा। अभी तक राजद को कितनी सीटें दी जानी हैं, इसे लेकर भी फैसला नहीं हुआ है।'

#### प्रधानमंत्री मोदी ने लगाए थे ये आरोप

जमशेदपुर की रैली में अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि 'झारखंड के तीन सबसे बड़े दुश्मन हैं- झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस। झारखंड के निर्माण का बदला आज भी राजद झारखंड से उतारती है और कांग्रेस को तो झारखंड से नफरत है ही। ये झामुमो वाले, जिन्होंने आदिवासियों के वोट से अपनी राजनीति चमकाई, आज वो किसके साथ खड़े हैं? ये लोग आदिवासियों के जंगल जमीन पर कब्जा करने वालों के साथ हैं।'

पीएम मोदी ने कहा कि 'झामुमो के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ खड़े हैं। ये घुसपैठिए और कट्टरपंथी झामुमो को भी अपने कब्जे में लेते जा रहे हैं। इनके लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा के भीतर भी घुस गए हैं। जानते हैं ऐसा क्यों हुआ? क्योंकि झामुमो में कांग्रेस का भूत घुस गया है। जब किसी पार्टी में कांग्रेस का भूत घुस जाता है, तो तुष्टिकरण ही उस दल का इकलौता एजेंडा बन जाता है। इसके लिए सबसे पहले ये लोग दलित, आदिवासी और पिछड़ा समाज के हितों की बलि चढ़ाते हैं। यही हाल झामुमो का भी हो रहा है।'

उन्होंने कहा कि 'झामुमो ने 5 साल में केवल एक ही काम किया है- झारखंड की लूट और चारों तरफ भ्रष्टाचार। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने जल, जंगल और जमीन... सबमें भ्रष्टाचार किया है। मैं वादा करता हूं कि झारखंड में कुछ महिनों के बाद जब बीजेपी की सरकार बनेगी, एनडीए की सरकार बनेगी तो इन सारे मामलों की जांच करवाई जाएगी। साथियों, वादे करना और उसे पूरा करना... ये सिर्फ बीजेपी ही करती है।'

### बांग्लादेश तक चोरी के मोबाइल फोन की तस्करी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने चोरी के मोबाइल देश के बाहर पहुंचाने वाले एक अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का पदार्फाश कर एक बांग्लादेशी समेत तीन को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले डेढ़ वर्ष में बांग्लादेश समेत कई देशों में चोरी के 1000 से ज्यादा मोबाइल पहुंचा चुके हैं। ये दिल्ली-एनसीआर व मेरठ से चोरी के मोबाइल खरीदते थे। इनके कब्जे से 60 हाई-एंड एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने दिल्ली में चोरी के 10 मामलों का खुलासा किया गया। आरोपी बांग्लादेशी मोरजेन हुसैन(35) पाकिस्तान से भारत-बांग्लादेश सीमा के जरिए नकली भारतीय मुद्रा की तस्करी के मामले में एक आरोपी को पहले एनआईए ने गिरफ्तार किया था। अपराध शाखा के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राकेश पावरिया ने बताया कि इंस्पेक्टर विवेकानंद व एसआई सुमित कुमार की टीम चोरी के मोबाइल फोन की चोरी और अवैध व्यापार में शामिल संगठित गिरोहों को पकडे का काम सौंपा गया। जांच में पता चला कि चोरी के मोबाइल फोन भारत से तस्करी करके बांग्लादेश सहित पड़ोसी देशों में भेजे जा रहे थे, जहां इन मोबाइल फोन को ग्रे मार्केट में बेचा जाता था।



# केजरीवाल के इस्तीफे पर अन्ना हजारे बोले- 'राजनीति में जाने के लिए मैंने मना किया था'





**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कार्यकताओं के बीच बड़ा ऐलान किया। रविवार को कहा कि वो दो दिन बाद सीएम पद से इस्तीफा दे देंगे। इस पर सियासी दलों ने तो अपनी राय जाहिर की ही है समाज सेवी अन्ना हजारे ने भी प्रतिक्रिया दी है। सीएम केजरीवाल के इस फैसले को लेकर समाजसेवी अन्ना हजारे ने कहा कि, मैंने पहले ही अरविंद केजरीवाल को बताया था कि राजनीति में नहीं जाना, समाज की सेवा करना। इसी से तुम बड़े आदमी बन जाओगे। कई साल हम लोग साथ में रहे, उस वक्त मैं बार-बार कह रहा था कि राजनीति में नहीं जाना। समाज सेवा अपने जीवन में आनंद देती है। मैं आनंद में डूबे रहने वाला व्यक्ति हूं। आज जो होना था वो हो गया। उनके दिल में क्या है, मैं क्या जानता हूं। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता उदित राज ने सीएम केजरीवाल की मंशा पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, इस पर कांग्रेस पार्टी जवाब तो नहीं देगी, उनकी पार्टी का यह आंतरिक मामला है कि वो इस्तीफा देंगे कि मुख्यमंत्री बने रहेंगे। मेरा मानना है कि इस कदम के पीछे सहानुभूति के आधार पर वोट लेना है। उनकी अपनी रणनीति है कि वो क्यों इस्तीफा दे रहे हैं। इस्तीफा देना था, तो जब जेल जा रहे थे, उसी समय दे देना चाहिए था। अब इस समय इस्तीफे की पेशकश कर रहे हैं तो जरूर कोई बात होगी। दिल्ली से भाजपा सांसद योगेंद्र चांदोलिया ने कहा कि, केजरीवाल ने इस्तीफा सुप्रीम कोर्ट के दबाव में देने का फैसला किया है। सुप्रीम कोर्ट ने जो शर्त लगाई है, उसने केजरीवाल के हाथ पांव सारे बांध दिए गए हैं। अब वह सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाएंगे और खुद शीश महल का आनंद लेंगे। दिल्ली की जनता केजरीवाल के नाटक को जान चुकी है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने (रविवार, 15 सितंबर) पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए कहा था, मैं जब जेल में था तो भाजपा वालों ने पूछा कि केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफा क्यों नहीं दिया। मैं आपसे पूछने आया हूं कि आप केजरीवाल को ईमानदार मानते हो कि गुनहगार मानते हो? दो दिन के बाद मैं सीएम पद से इस्तीफा देने जा रहा हूं। मैं तब तक सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा, जब तक जनता अपना फैसला न सुना दे। आप अपना फैसला सुनाओगे, तब मैं उस कुर्सी पर बैठूंगा।

# भाजपा एससी मोर्चे के जिलाध्यक्ष ने मंच से फेंकी कुर्सी, बैठने को लेकर हुआ विवाद



**हरियाणा।** भाजपा पार्षद एवं एससी मोर्चा के झज्जर जिला अध्यक्ष ने कार्यक्रम के दोराना विवाद होने पर मंच से कुर्सी फेंक दी। वह कुर्सी फेंकते हुए कार्यक्रम से निकल गए। कहा जा रहा है कि किसी ने मंच से नीचे उतरने को बोला तो पार्षद ने बीजेपी के कार्यक्रम में कुर्सी फेंकी है।

सोमवार को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल बीजेपी प्रत्याशी दिनेश कौशिक के समर्थन में प्रचार के लिए बहादुरढ़ पहुंचे। हरि गार्डन में लोगों को संबोधित करने के बाद निकल गए। मंच पर बीजेपी के पूर्व विधायक नरेश कौशिक, प्रत्याशी दिनेश कौशिक, जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा के अलावा कई भाजपा नेता भी मौजूद रहे। इसी दौरान एससी मोर्चे के जिला अध्यक्ष राजेश मकड़ोली का मंच पर बैठने को लेकर किसी नेता से विवाद हो गया।

बताया गया है कि राजेश को किसी नेता ने मंच से नीचे जाकर बैठने के लिए कह दिया। इससे राजेश नाराज हो गए और गुस्से में मंच से कुर्सी फेंकते हुए नीचे उतर गए। इसके बाद नेताओं ने उन्हें मनाने की कोशिश की और पीछे-पीछे दौड़े, लेकिन वह कार्यक्रम से निकल गए। इस घटनाक्रम के दौरान भाजपा के केंद्रीय और हरियाणा के बड़े नेता भी मौजूद रहे।

# सपा ने साफ किया अपना स्टैंड, बताया वह क्यों हुई गठबंधन से बाहर, किसे करेगी समर्थन?



**लखनऊ।** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने अपना स्टैंड साफ कर दिया है। सपा ने बता दिया है कि वह आने वाले चुनावों में कांग्रेस के साथ रहेगी या आम आदमी पार्टी के साथ जाएगी। हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर सपा अपने प्रत्याशी खुद देगी या किसी का सहयोग करेगी यह बात साफ हो गई है। समाजवादी पार्टी हरियाणा प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों का समर्थन व सहयोग करेगी। यह ऐलान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी एडवोकेट ने किया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने इंडिया गठबंधन का प्रमुख घटक होने के नाते कांग्रेस से शुरू में 17 सीटें मांगी थी। ज्यादा बताने पर पार्टी ने 11 सीटों पर लड़ने की इच्छा जाहिर की थी। फिर पार्टी 5 सीटों पर भी लड़ने को तैयार हो गयी मगर उनको भी कांग्रेस द्वारा ज्यादा बताने पर समाजवादी पार्टी मात्र 3 सीटों पर लड़ने के लिए सहमत हो गयी थी। मगर कांग्रेस पार्टी ने गठबंधन धर्म को ना निभाते हुए समाजवादी पार्टी के लिए कोई सीट नहीं छोड़ी। जबकि खुद कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव को व्हाट्सअप मैसेज भेज कर सीटें देने की सूचना दी थी जिसे पार्टी ने काफी गंभीरता से लिया है और कांग्रेस के इस व्यवहार से खुश नहीं है। फिर भी समाजवादी पार्टी अपने मूल्यों व सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों को सहयोग व समर्थन करेगी क्योंकि पार्टी नहीं चाहती कि सत्ताधारी भाजपा के खिलाफ वोटों का बिखराब हो। पार्टी भाजपा को प्रदेश व देश से उखाड़ने के लिए दृढ संकल्पित है और उस उद्देश्य को हासिल करने के लिए ऐसा करना आवश्यक समझती है। यह फैसला समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश पार लिया गया है।

### जम्मू जाएंगे, पर हरियाणा पर चुप्पी

अखिलेश यादव ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का पार्टी संगठन चुनाव प्रचार के लिए बुलाएगा तो वहां जाएंगे। उनका नाम प्रचारकों की लिस्ट में भी शामिल है। लेकिन, हरियाणा में चुनाव प्रचार के लिए जाने के सवाल पर कुछ नहीं बोले।

# जम्मू-कश्मीर में दो प्रधान, दो निशान, दो झंडे अब कभी नहीं हो सकते : अमित शाह



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक उठा पटक जारी है। पार्टियां राज्य में होने वाले चुनावों में जीत के लिए विपक्षी पार्टियों पर हमलावर हैं। इसी क्रम में जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के पद्देर नागसेनी शहर में गृहमंत्री अमित शाह ने एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों पर करारा निशाना साधा। उन्होंने कहा, अब जम्मू-कश्मीर में दो प्रधान, दो निशान, दो झंडे कभी नहीं हो सकते। झंडा एक ही हमारा प्यारा तिरंगा होगा। इसके बाद उन्होंने पहाड़ी आरक्षण पर कहा, वह कह रहे है कि अगर हमारी सरकार आई तो हम आरक्षण पर पुनर्विचार करेगें। आप उनके झांसे में मत आइए, उनकी सरकार आई तो वह आरक्षण पर पुनर्विचार नहीं, बल्कि उसे हटा देंगे। जब पहाड़ियों को आरक्षण देने की बात आई तो उन्होंने गुर्जरों को उकसाने का काम किया कि पहाड़ियों को आरक्षण मिलेगा, तो गुर्जरों का आरक्षण जाएगा। हमने गुर्जर भाइयों से वादा किया था कि पहाड़ियों को आरक्षण तो जरूर मिलेगा, लेकिन गुर्जर भाइयों का आरक्षण बिल्कुल भी कम नहीं होगा। आज गुर्जरों का आरक्षण जस का तस रख कर पहाड़ियों को आरक्षण देने का काम नरेंद्र मोदी सरकार ने किया है। पहाड़ पर बसे मैं सभी अभिभावकों को कहने आया हूं कि वो दिन अब लद गए, जब आपके बच्चों को ग्रेजुएशन में एडमिशन नहीं मिलता था। अब आपके बच्चे कलेक्टर और एसपी बनकर देश भर में काम करेंगे। यह अधिकार आपको नरेंद्र मोदी सरकार ने दिया है। उन्होंने कहा, हमने देश में विभाजन के दिन भी देखे और घाटी में 1990 में आतंकवाद के दिन भी देखे। चंद्रकांत शर्मा हों या परिहार बंधु हों, इन सभी लोगों ने कुर्बानियां दी हैं। आज मैं इस क्षेत्र के सभी भाइयों को याद करते हुए आपसे वादा करता हूं कि आतंकवाद को इतने नीचे दफन करेंगे कि वह कभी बाहर नहीं आएगा।

# यूपी में पंप स्टोरेज प्लांट्स का हब बनेंगे सोनभद्र, चंदौली और मीरजापुर



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों और रिकॉर्ड ऊर्जा खपत जरूरतों के बीच क्लीन एनर्जी सेक्टर पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। इस क्रम में, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ ही अब यूपी की योगी सरकार हाइड्रो बेस्ड पंप प्रोजेक्ट्स को भी बढ़ावा देने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। राज्य पंप स्टोरेज प्लांट्स का हब बने, ऐसे में प्रदेश में मीरजापुर, चंदौली और सोनभद्र इस दिशा में भूमिका निभाने को तैयार हैं। इन पंप प्लांट्स का प्रदेश में सबसे बड़ा हब मीरजापुर बनने जा रहा है, जहां विभिन्न कैपेसिटी के 4 प्लांट्स की स्थापना की जाएगी।

वहीं, सोनभद्र में लगने वाला पंप स्टोरेज प्लांट सबसे ज्यादा ऊर्जा उत्पन्न करने वाला होगा। चंदौली में भी पंप स्टोरेज प्लांट की स्थापना की जाएगी। विभाग के अधिकारी ने बताया कि इन सभी 6 प्लांट्स के जरिए प्रदेश सरकार कुल मिलाकर 4,730 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। खास बात यह भी है कि इन सभी प्लांट्स को अगस्त के बीच में क्लीयरेंस दी गई है और अब इनकी स्थापना, निर्माण और विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ होने वाली है। इन 6 प्लांट्स के अतिरिक्त सोनभद्र, चंदौली और मीरजापुर में अन्य पंप स्टोरेज प्लांट्स को लेकर भी एक्मे, अवाडा व ईस्ट इंडिया पेट्रोलियम के पास 'इन प्रिंसिपल अप्रूवल' है और इन सभी परियोजनाओं पर तेजी से कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए योगी सरकार द्वारा निर्देश दिए जा चुके हैं। विभाग के अधिकारी ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत सबसे पहले इसी वर्ष 30 मई को सोनभद्र के गहार्वा में 1,250 मेगावाट कैपेसिटी का हाइड्रो पंप स्टोरेज प्लांट लगाने की स्वीकृति मिली थी। एक्वाग्रीन इंजीनियरिंग मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इसे डेवलप किया जा रहा है।

यहां दो रिजर्वॉयर में सोन नदी का पानी पंप करके स्टोरेज कैपेसिटी बढ़ाई जाएगी, जिसके बाद रिजर्वॉयर से 4.6 किलोमीटर दूर पंप इनटेक वेल की स्थापना की जाएगी। 6,100.62 करोड़ रुपए की धनराशि के जरिए सभी निर्माण व विकास कार्यों को परियोजना के अंतर्गत पूरा किया जाएगा। वहीं, चंदौली के मुबारकपुर में इसी वर्ष 8 अगस्त को 600 मेगावाट कैपेसिटी के हाइड्रो पंप स्टोरेज प्लांट के निर्माण को स्वीकृति मिली थी। इसका निर्माण एक्मे ऊर्जा टू प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है और यह क्लोज्ड लूप स्टोरेज हाइड्रो प्रोजेक्ट होगा। यहां भी अपर रिजर्वॉयर व लोअर रिजर्वॉयर मैकेनिज्म से ऊर्जा उत्पादन किया जाएगा और परियोजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के निर्माण व विकास कार्यों को 3,544.81 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा। मीरजापुर में पंप स्टोरेज प्लांट्स के प्रोजेक्ट के जरिए योगी सरकार 3,480 मेगावाट ऊर्जा उत्पन्न करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। परियोजना के अंतर्गत 26 जून से 29 अगस्त के बीच कुल चार पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट्स की स्थापना को हरी झंडी मिली है। इनमें अवाडा ग्रुप द्वारा कटरा में 4,410 करोड़ रुपए की लागत से 630 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन करने में सक्षम पंप स्टोरेज प्लांट का निर्माण व विकास कार्य किया जाएगा। जबकि, रेन्यू द्वारा गांव कालू पट्टी में 3,350 करोड़ रुपए की लागत से 600 मेगावाट व बबूरा में 4,100 करोड़ रुपए की लागत से 800 मेगावाट कैपेसिटी वाले प्लांट्स का निर्माण, विकास व संचालन किया जाएगा। इसी प्रकार, मीरजापुर के ही बबूरा रघुनाथ सिंह गांव में ईस्ट इंडिया पेट्रोलियम द्वारा 3,946.12 करोड़ रुपए की लागत से 850 मेगावाट विद्युत ऊर्जा का उत्पादन में सक्षम पंप स्टोरेज प्लांट के स्थापना, निर्माण व विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# बंद मकान से आई तेज दुर्गंध तो लोगों ने बुलाई पुलिस दरवाजा टूटा तो फंदे लटका मिला युवक का शव



**राजस्थान।** चित्तौड़गढ़ के भीतरी इलाके में सुराणा गली में एक हमाल का शव दूसरी मंजिल के कमरे में फंदे पर लटका हुआ मिला। शव करीब चार से पांच दिन पुराना हो गया था और बदबू के कारण पड़ोसियों को इसकी जानकारी हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। चित्तौड़गढ़ शहर के भीतरी इलाके में एक युवक का शव पड़ा मिला। युवक का शव दूसरी मंजिल पर कमरे में फंदे पर लटका हुआ था। शव करीब चार से पांच दिन पुराना हो गया था और बदबू देने लगा था। बदबू के कारण पड़ोसियों को इसकी जानकारी हुई और कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। इस पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। मौके पर पंचनामा बनाया गया और शव को जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया। परिजनों के आने पर शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई होगी। जानकारी में सामने आया कि चित्तौड़गढ़ शहर के भीतरी इलाके में मंगलवार को सुराणा गली में लोगों को बदबू महसूस हुई। इस पर मोहल्ले के लोग एकत्रित हुए और ध्यान दिया तो बंद मकान से बदबू आ रही थी। इस पर लोगों ने कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। इस पर कोतवाली थाने का जाप्ता मौके पर पहुंचा। पुलिस ने दरवाजा खोला और मकान की छत पर जाकर देखा तो कमरे में पंखे के कड़े से युवक शव लटका हुआ था। पुलिस ने इसकी शिनाख्त कोटा जिले के गोपालपुरा निवासी चेतन पुत्र रमेश गौतम के रूप में की। मृतक चित्तौड़गढ़ में करीब एक साल से रह कर मजदूरी (हम्माल) करता था। यह विवाहित भी नहीं था। इस मकान में यह अकेला ही रह रहा था।

कोतवाली थाने के एएसआई अंबालाल गुर्जर ने बताया कि मोहल्ले के लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचकर जांच की गई। शव को फंदे से नीचे उतरवाया।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...









# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जारी की गई एडवाइजरी और डायवर्जन प्लान

## अधिकारियों ने डाला घंटाघर रामलीला मैदान में डेरा, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 18 सितंबर दिन बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन अंतर्गत आने वाले घंटाघर रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वृहत रोजगार मेले में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने भारतीय न्याय संहिता की धारा-163 को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लागू कर दिया है। इसके लिए बाकायदा निषेधज्ञा जारी की गई है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दृष्टिगत थानाक्षेत्र घंटाघर कोतवाली, विजयनगर, नंदग्राम, सिहानी गेट, कवि नगर, इंदिरापुरम, कौशांबी, साहिबाबाद को नो ड्रोन जोन के साथ ही रेड जोन घोषित किया गया है। यहां पर किसी भी प्रकार का ड्रोन, पैराग्लाइडिंग, हॉट बैलून उड़ने की अनुमति नहीं रहेगी। इसके साथ ही इन सभी थानाक्षेत्रों में मीडिया व कार्यक्रम आयोजन के अलावा किसी को भी फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी नहीं करने दी जाएगी।

इस पूरे मार्ग पर विशेष रूप से पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा और किसी भी आपात स्थिति में पुलिस धारा-163 के उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई कर सकती है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में निषेध लगाई गई है जो 18 सितंबर की मध्य रात्रि तक प्रभावी रहेगी। यह आदेश पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी की ओर से जारी किया गया है।

- घंटाघर रामलीला मैदान के आसपास बनाए गए हैं छह पार्किंग स्थल
- सड़क मार्ग से आएंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
- रामलीला मैदान में रहेगा सीएम का सुबह साढ़े ग्यारह बजे कार्यक्रम

### हिंडन एयरपोर्ट से बाई रोड कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे सीएम योगी

**करंट क्राइम।** यातायात पुलिस की ओर से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर एडवाइजरी जारी कर दी गई है। इसमें शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन नया बस अड्डा से चौधरी मोड़ तक सभी प्रकार के ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा का परिचालन 18 सितंबर को कार्यक्रम जारी रहने तक बंद रहेगा। वहीं सभी प्रकार के भारी हल्के माल वाहक वाहनों का आगमन पुराना बस अड्डे जीटी रोड पर पूरी तरीके से बंद कर दिया जाएगा। कार्यक्रम वाले दिन विजयनगर, लाल कुआं की ओर से आने वाले सभी वाहन जो हापुड़ तिराहा की ओर आना चाहते हैं, यह सभी वाहन चौधरी मोड़ से अंबेडकर रोड होते हुए पुराना बस अड्डा सेठ मुकंद लाल चौराहे से हापुड़ चौराहा की ओर जाएंगे। वहीं अलग-अलग स्थान पर यातायात पुलिस की ड्यूटी निर्धारित की गई है। जिन वाहन चालकों पर पास एवं कार्यक्रम के निमंत्रण होंगे, उन्हीं वाहनों को इस रूट पर आने की अनुमति प्रदान की जाएगी। अपर पुलिस आयुक्त यातायात पीयूष सिंह ने यह जानकारी दी है। बताया गया है कि मुख्यमंत्री हिंडन एयरपोर्ट पर उतरेंगे और वहां से राजनगर एक्सटेंशन, शहीद पथ होते हुए वह घंटाघर रामलीला मैदान बाई रोड ही आएंगे।




### छह स्थानों पर बनाया गया है पार्किंग स्थल

**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में यातायात पुलिस द्वारा 6 स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। छह स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था की गई है। जिसमें पी-01 राम भवन रामलीला मैदान मंचासीन अतिथि के लिए रिजर्व किया गया है। यहां लगभग 20 वाहनों की क्षमता रहेगी और कार्यक्रम स्थल से इसकी दूरी 50 मी रखी गई है। वहीं पी-02 पार्किंग कमर्शियल कंपलेक्स नगर निगम रमते राम रोड कट पर बनाया गया है। यहां वीआईपी और मीडिया पार्किंग के लिए रिजर्व रहेगा, यहां पार्किंग क्षमता 200 और कार्यक्रम स्थल से इसकी दूरी लगभग 50 मी रखी गई है। पी-03 के अंतर्गत शंभू दयाल इंटर डिग्री कॉलेज पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की गाड़ी खड़ी होगी। इसकी पार्किंग क्षमता 125 और कार्यक्रम स्थल से दूरी 400 मीटर है। तो पी-04 पार्किंग स्थल रेलवे ग्राउंड विजयनगर बस पार्किंग है जो पार्किंग क्षमता के लिहाज से 200 और कार्यक्रम स्थल से इसकी दूरी 1200 मी रखी गई है। वहीं पी-05 ऑपलैंड मॉल सामान्य पार्किंग है, जो लगभग 600 मीटर दूर और पार्किंग क्षमता 300 वाहनों की है। वही पी-06 सामान्य पार्किंग इंग्राहॅम इंस्टीट्यूट जहां डेढ़ सौ वाहन खड़े किए जा सकते हैं।

### भव्य बनाया जा रहा है पंडाल, हजारों की संख्या में रहेगा सीटिंग अरेंजमेंट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 18 सितंबर को घंटाघर रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करोड़ों रुपए की योजनाओं को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। तो वही रोजगार मेला में भाग लेंगे। लाभार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान करने के साथ ही युवाओं और छात्रों को लैपटॉप और टैबलेट भी वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर घंटाघर रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को आयोजित करने वाले गांधी टेंट हाउस के ठेकेदार दीपक जैन ने यहां जर्मन हैंगर टेंट लगाना शुरू कर दिया है। जर्मन हैंगर टेंट रामलीला घंटाघर मैदान में दो स्थानों पर लगाया जा रहा है। एक स्थान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा होगी और दूसरे स्थल पर मेला और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बताया जा रहा है कि इसमें लगभग डेढ़ सौ से अधिक कंपनियां भाग लेंगी, जो 15000 से अधिक लोगों को निजी और सरकारी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने का काम करेंगी।





### अधिकारियों ने डाला घंटाघर रामलीला मैदान में डेरा, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस





**करंट क्राइम।** सोमवार से ही घंटाघर रामलीला मैदान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने डेरा डाल लिया है। यहां पुलिस की बम और डॉग स्कवायड की टीम भी चप्पे-चप्पे का निरीक्षण कर रही है। इसके साथ ही खुफिया और पुलिस के अन्य दस्ते यहां तैनात कर दिए गए हैं। सोमवार को घंटाघर रामलीला मैदान के एयर कंडीशन हॉल में एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, डीआईजी कल्पना सक्सेना, डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार, एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष सिंह, एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी, एसीपी खुफिया विभाग, एसीपी रविंद्र वर्मा के साथ ही इंटेलीजेंस और पुलिस के अन्य अधिकारियों के साथ ही यहां पर प्रयासन की ओर से एडीएम सिटी गंभीर सिंह, नगर निगम-जीडीए और सफाई विभाग के अधिकारियों ने यहां का निरीक्षण करते हुए कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

### भगवा रंग की रहेगी टेंट की थीम, हर पिलर पर लगा है पंखा

**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री का कार्यक्रम है और बीते कुछ दिनों से गाजियाबाद में लगातार बारिश हो रही है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में किसी प्रकार का खल ना पड़े, इसीलिए रामलीला मैदान के पंडाल में जर्मन हैंगर टेंट लगाया जा रहा है। साथ ही हजारों की संख्या में कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। जर्मन हैंगर के अंदर जो पंडाल बनेगा उसका टेंट का कलर सफेद और भगवा दिया गया है। वहीं हर पिलर पर पंखे लगाए जाएंगे ताकि लोगों को गर्मी का एहसास ना हो और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

### बड़ी संख्या में पुलिस माहौल खराब करने वालों को करेगी नजरबंद

**करंट क्राइम।** पुलिस और खुफिया विभाग से जो जानकारी मिली है उसके अनुसार मुख्यमंत्री का कार्यक्रम 18 सितंबर को घंटाघर रामलीला मैदान में आयोजित किया जाना हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान कोई भी संगठन या राजनीतिक दल से जुड़ा चेहरा किसी प्रकार का विरोध प्रदर्शन या आंदोलन न करें, इसको लेकर पुलिस और खुफिया विभाग ने एक लंबी लिस्ट तैयार की है। जिसमें ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनपर पुलिसकर्मियों को लगाया जाएगा और नजरबंद करने का काम किया जाएगा ताकि किसी प्रकार की व्यवस्था पैदा ना हो। वैसे भी इन दोनों गाजियाबाद में कई राजनीतिक और ई-रिक्शा जैसे मुद्दे छाए हुए हैं।

### दो भाजपा नेता भी आ सकते हैं पुलिस की रडार पर

**करंट क्राइम।** सूत्रों से जानकारी मिली है कि 18 तारीख को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पुलिस को भगवा दल वाले दो चेहरों से भी थोड़ी टेंशन हो सकती है। सूत्रों से जानकारी मिली है की संभावना है कि भारतीय जनता पार्टी की एक महिला पार्षद और एक भाजपा नेता को पुलिस हाउस अरेस्ट कर सकती है। वहीं कांग्रेस, समाजवादी पार्टी के साथ ही बसपा और आजाद समाज पार्टी व पेरेंट्स संगठन के साथ ही साथ व्यापारिक संगठन के चेहरों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी।



# क्या हापुड़ रोड ई-रिक्शा बंदी पर भी आएगा पुलिस कमिश्नरेट का यू-टर्न

## राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप की फोन कॉल का क्या होगा असर

### मंत्री ने पुलिस कमिश्नर से कहा निकालना होगा हल, रोजी-रोटी और बढ़ते क्राइम का है उनको डर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 18 तारीख को गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ रहे हैं। उससे पहले भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पुलिस कमिश्नर को हापुड़ रोड पर बंद किए गए ई-रिक्शा के मामले में उन्हें रिव्यू करने और कोई हल निकालने के लिए फोन कॉल किया है। सोशल मीडिया पर यह है पूरा मामला भी आ गया है। जिसमें फोन कॉल में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पुलिस कमिश्नर से हापुड़ रोड के बंद किए गए ई- रिक्शा का संचालन दोबारा से शुरू करने की बात की है। साथ ही उन्होंने इस बात का भी हवाला दिया है कि यह हजारों लोगों की रोजी-रोटी का सवाल है। मंत्री ने कहा है कि पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठकर इसका रिव्यू किया जाए क्योंकि अगर उनका रोजगार छिनेगा तो वह छिनैती, चोरी और अन्य अपराध करेंगे।







### जल्द आ सकता है ई-रिक्शा चालू होने पर भी फैसला

**करंट क्राइम।** हापुड़ रोड पर ई-रिक्शा चालू हों, इसके लिए भाजपा के विधायक नंदकिशोर गुर्जर, तो समाजवादी पार्टी व युवजन सभा के नेता व कई अन्य संगठन मांग कर रहे हैं। ई-रिक्शा संगठन भी इसे शुरू करने के लिए लैटर लिख रही है। तो वही उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने ई-रिक्शा बंद किए जाने के मैटर में फोन कॉल कर नई हलचल पैदा कर दी है। उनका कहना है कि यह लोगों की रोजी-रोटी और उनके धंधे से जुड़ा सवाल है। इस पर अधिकारियों को गंभीरता से विचार करते हुए जल्द से जल्द कोई समाधान निकालना चाहिए।

### सीएम के आगमन पर उठ सकता है ई-रिक्शा मैटर

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद में ई-रिक्शा का मैटर शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। भले अंबेडकर रोड पर ई-रिक्शा संचालन दोबारा से शुरू हो गया हो लेकिन हापुड़ रोड पर बंद किए गए ई-रिक्शा को लेकर लगातार राजनीतिक माहौल गर्म बना हुआ है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि मुख्यमंत्री का 18 सितंबर को आगमन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर भाजपा के विधायक या मंत्री इस मैटर को महाराज जी के सामने ना रख दें।

# शहर विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ले आई है पूरा प्लान

## सदस्यता अभियान में ही भरवाना है बूथों पर नए मतदाता फार्म




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा चुनाव को हमेशा से गंभीरता से लेती है और शहर विधानसभा के उपचुनाव को लेकर उसकी तैयारी पूरे चरम पर है। विपक्ष अपनी तैयारी को देखे लेकिन भाजपा यहां पूरे प्लान के साथ मैदान में है। वो जानती है कि वोट की चोट सबसे जरूरी है। भाजपा अपने चुनावी प्लान के साथ मैदान में आ गई है। विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा का पूरा प्लान आ गया है। सबसे खास बात ये है कि इस प्लान में मतदाता पुनरीक्षण अभियान पर जोर दिया गया है। विधानसभा चुनाव में बूथों पर काम होना है और बूथों पर नए युवाओं को वोटर बनाना और डिलीट नाम चैक करने पर जोर दिया गया है। चुनावी रणनीति में ये बता दिया गया है कि सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ता, मंडल अध्यक्ष, उपचुनाव प्रभारी, उपचुनाव संयोजक, मतदाता सूची प्रमुख विशेष रूप से इस बात पर ध्यान देंगे। बूथों पर भाजपा के कम से कम 75 वोटर को मिलकर उनको टिक करना है। उनके परिवार में छूटे नाम के लिए फोटो, मोबाईल नंबर, पते का प्रमाण और जन्मतिथि प्रमाण लेकर फार्म 6 भरवाना है। सभी बूथों पर अपने मतदाताओं के घरों पर जाकर उनका नाम वोटर लिस्ट में टिक करना है। यदि मतदाता कहीं बाहर है तो उनका मोबाईल नंबर और पता लेना है जिससे उनको वोट के लिए बुलाया जा सके। सदस्यता अभियान के लिए घर घर जा रहे हैं और इसी में कार्यकर्ता बूथों पर नया मतदाता फार्म भरवायेंगे। 25 सितंबर को सभी बूथों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्मदिवस के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर बैठक करेंगे और फिर मतदाता सूची लेकर घर घर जाना है और इस कार्य को कराना है।



### रोजाना कितने भरे गये फार्म, ये करना होगा शाम को इन्फार्म

**करंट क्राइम।** भाजपा अपनी चुनावी रणनीति को लेकर मैदान में है। उसका पूरा प्लान आ गया है और इस रणनीति पर काम हो रहा है। उपचुनाव वाली विधानसभा में वोटर लिस्ट से वह सूची बनानी है जिसमें नाम डिलीट है और डिलीट नामों को लेकर घर-घर जाकर चैक करना है। यदि कटे नाम उपस्थित हैं तो उनका फार्म 6 भरवाना है। बूथ की वोटर सूची में अगर कोई अपात्र नाम, यदि उस पर कोई शंका है तो उसके लिए फार्म 7 भरना है। मतदाता का नाम गलत है तो उसके लिए फार्म 8 भरना है। बीआरसी सेंटर पर जमा फार्म की सूची लेकर प्रयास करना है कि जितने फार्म जमा है वे सभी वोटर सूची में शामिल हों।

### बॉबी त्यागी को बनाया गया है अभियान का संयोजक



**करंट क्राइम।** बॉबी त्यागी को मतदाता अभियान का संयोजक बनाया गया है। वो बूथ पर पूरा अपडेट रखेंगे और नए युवा वोटों पर फोकस करेंगे। अभियान के संयोजक बॉबी त्यागी ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में कम से कम 5000 नए वोटर जोडे जाने हैं। जितने नए फार्म भरे जायेंगे उनकी सूची बनाकर फार्म बीएलओ के पास या बीआरसी सेंटर पर जमा कराकर उसकी पावती लेनी है। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल द्वारा दिये गये सभी निर्देशों का पालन किया जा रहा है।

## संपादकीय

# चीतों का कुनबा बढ़ाने की तैयारी

चीता परियोजना केंद्र सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी योजना है। दो वर्ष पहले नामीबिया से आठ चीते लाकर मध्यप्रदेश के कूनो उद्यान में छोड़े गए थे। इस तरह करीब अस्सी वर्ष बाद फिर से चीतों को बसाने की पहल शुरू हुई थी। हालांकि तब काफी आशंकाएं जताई गईं थी कि भारत की जलवायु चीतों के अनुकूल नहीं है और शायद वे ज्यादा दिन जीवित नहीं रह पाएंगे। मगर अब वे आशंकाएं काफी हद तक निर्मूल हो चुकी हैं। उसके एक वर्ष बाद दक्षिण अफ्रीका से बारह चीते मंगाए गए थे। हालांकि इस बीच आठ चीतों ने दम तोड़ दिया, पर बचे हुए चीतों ने सत्रह शावकों को जन्म दिया, जिनमें से बारह जीवित हैं। स्वाभाविक ही इससे उत्साहित होकर सरकार ने अब केन्या से चीते लाने का समझौता किया है। भारत ने इसे अंतिम रूप दे दिया है और केन्या प्रशासन से इस पर मंजूरी का इंतजार है। केन्या से लाए जाने वाले चीतों को गुजरात के बन्नी घास के मैदानों में बन रहे प्रजनन केंद्र में बसाने की योजना है।

**बीमारियों के डर से पिंजरों में कैद हैं चीते** : ऐसा नहीं कि चीतों को बसाने की कोशिश इससे पहले नहीं हुई। अंग्रेजों के शासन में भी इसके प्रयास हुए, मगर यहां की जलवायु और शिकारियों पर अंकुश न लग पाने की वजह से चीतों का कुनबा बढ़ नहीं पाया। अच्छी बात है कि अब कूनो उद्यान में चीतों का परिवार बढ़ रहा है। उनकी संख्या पच्चीस हो गई है। हालांकि योजना थी, चीतों को कूनो में स्वतंत्र विचरण के लिए छोड़ा जाना था, मगर उनमें बीमारियों और शिकारियों आदि के भय से उन्हें अभी तक पिंजरों में ही कैद रखा गया है। उनमें से केवल एक चीता बाहर है।

दरअसल, कूनो उद्यान के चीतों में कई बार बीमारियों का प्रकोप देखा गया है, इसलिए उन्हें सुरक्षित वातावरण में रखा जाता है। पर इस तरह अभयारण्य और चिड़ियाघर में अंतर नहीं रह जाता। गुजरात के नए बन रहे प्रजनन केंद्र में भी अगर उन्हें पिंजरे में रखना पड़ा, तो उनके स्वाभाविक जीवन को लेकर दावा करना मुश्किल होगा। यह अपेक्षा अभी पूरी नहीं हुई है कि चीते खुले में कुलांचें भरेंगे और लोग उन्हें अपनी स्वाभाविक जीवन-शैली में देख सकेंगे।

# पीएम ने चौथे वैश्विक अक्षय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन का किया उद्घाटन

## गुजरात सीएम भी रहे मौजूद



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में चौथे वैश्विक अक्षय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन और एक्सपो (री-इनवेस्ट) का उद्घाटन किया। इस दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 60 साल के बाद भारत की जनता ने किसी सरकार को तीसरा कार्यकाल दिया है।

हमारी सरकार को दिया गया तीसरा कार्यकाल भारत की महान आकांक्षाओं को दशार्ता है। आज युवाओं और महिलाओं सहित 140 करोड़ भारतीयों को विश्वास है कि पिछले 10 वर्षों में जो आकांक्षाएं अलग रखी गई थीं, वे इस तीसरे कार्यकाल में नई ऊंचाइयों पर पहुंचेंगी। चौथै वैश्विक अक्षय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन में शामिल होने के लिए कई अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी गुजरात के गांधीनगर पहुंचे हैं। कार्यक्रम में शामिल होने गुजरात पहुंचे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी मुलाकात की। गांधीनगर में मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव ने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही है। पीएम मोदी के गुजरात मॉडल ने विभिन्न क्षेत्रों, खासकर ऊर्जा क्षेत्र में विकास सुनिश्चित किया है... इसके तहत गुजरात में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के प्रयास में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जल विद्युत ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है... दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के 'मैं 2 दिन बाद सीएम पद से इस्तीफा देने जा रहा हूं' वाले बयान पर उन्होंने कहा, यह एक ड्रामा है और अरविंद केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट की ओर से उन पर लगाए गए प्रतिबंधों से अवगत हैं। वह जनता के बीच जाना चाहते हैं लेकिन वह एक हारी हुई लड़ाई की ओर बढ़ रहे हैं।

जनता सब जानती है। चौथे वैश्विक अक्षय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन और एक्सपो (री-इन्वेस्ट) में जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क और नॉर्वे भागीदार देशों के रूप में भाग ले रहे हैं। गुजरात मेजबान राज्य है और आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश भागीदार राज्यों के रूप में भाग ले रहे हैं।

# भारत में कुल बारिश में 8 प्रतिशत की बढ़त सब्जियों की कीमतों में आ सकती है कमी



**नई दिल्ली।** भारत में इस वर्ष (13 सितंबर तक) लंबी अवधि के औसत से 8 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। इस कारण से आने वाले समय में सब्जियों और दूध की औसत खुदरा कीमतों में नरमी देखने को मिल सकती है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की ओर से जारी रिपोर्ट में बताया गया कि अब बुआई करीब पूरी हो चुकी है। अब फोकस फसल कटाई सीजन की तरफ शिफ्ट हो गया है। इस साल 6 सितंबर तक कुल 109.2 मिलियन हेक्टेयर्स क्षेत्र में बुआई हुई है और इसमें पिछले साल के मुकाबले सालाना आधार पर 2 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। रिपोर्ट में बताया गया कि इस सीजन में सभी मुख्य फसलों की अच्छी बुआई देखने को मिली है। चावल की 41 मिलियन हेक्टेयर्स, दालों की 12.6 मिलियन हेक्टेयर्स, मोटे अनाज की 18.9 मिलियन हेक्टेयर्स और तिलहन की 19.2 मिलियन हेक्टेयर्स में बुआई हुई है। बुआई का कुल क्षेत्रफल सामान्य बुआई क्षेत्रफल का 99 प्रतिशत है, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 98 प्रतिशत था। रिपोर्ट में बताया गया कि अधिक आपूर्ति होने के कारण कीमतों में हाल में कमी देखने को मिली और कीमतें कुछ समय के लिए यहां स्थिर रह सकती हैं, जब तक बाजार में नई आपूर्ति नहीं आ जाती है। बैंक ऑफ बड़ौदा में अर्थशास्त्री अदिति गुप्ता का कहना है कि देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य या सामान्य से अच्छी बारिश हुई है। इसके कारण बांधों में मौजूद जल भंडार में इजाफा देखने को मिला है। खरीफ की फसल का बुआई क्षेत्र पिछले साल के मुकाबले 2.2 प्रतिशत बढ़ा है। इस साल अब तक संयुक्त रूप से 817.9 मिलीमीटर बारिश हुई है।

## अदाणी ग्रुप ने केन्या कारोबार से जुड़ी फर्जी प्रेस रिलीज का किया खंडन




नई दिल्ली। अदाणी ग्रुप की ओर से सोमवार को केन्या में उसकी उपस्थिति से जुड़ी फर्जी प्रेस रिलीज का खंडन किया गया। साथ ही कहा गया कि इस गलत खबर को फैलाने वालों के खिलाफ कंपनी कानूनी कार्रवाई करेगी। ग्रुप के प्रवक्ता की ओर से कहा गया कि 'दुर्भावनापूर्ण इरादे और निहित स्वार्थ' के चलते कुछ के द्वारा फर्जी प्रेस रिलीज को सकुर्लेट किया जा रहा है। प्रवक्ता द्वारा जोर देते हुए कहा गया, अदाणी ग्रुप या फिर उसकी किसी अन्य सहयोगी कंपनी की ओर से केन्या से जुड़े बिजनेस को लेकर कोई प्रेस रिलीज नहीं जारी की गई है। आगे कहा, हम इस कपटपूर्ण कृत्य की कड़ी निंदा करते हैं और सभी से आग्रह करते हैं कि इन फर्जी धोखाधड़ी वाली प्रेस रिलीज को पूरी तरह से नजरअंदाज करें। अदाणी ग्रुप ने कहा, इस फर्जी खबर को फैलाने में शामिल लोगों के खिलाफ हम एक्शन लेंगे।

## भारतीय शेयर बाजार हल्की बढ़त के बाद बंद, अदाणी ग्रीन 7.59 प्रतिशत उछला



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार के मुख्य सूचकांकों में सीमित दायरे में कारोबार हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 97 अंक या 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,988 और निफ्टी 27 अंक या 0.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,383 पर था। बाजार का नेतृत्व कारोबारी सत्र में बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 215 अंक या 0.41 प्रतिशत की तेजी के साथ 52,153 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, एलएंडटी, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, नेस्ले, एमएंडएम, कोटक महिंद्रा बैंक, सन फार्मा, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस, पावर ग्रिड और विप्रो टॉप गेनर्स थे। बजाज फाइनेंस, एचयूएल, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन, एशियन पेंट्स, एसबीआई और टेक महिंद्रा टॉप लूजर्स थे। कारोबारी सत्र में अदाणी ग्रुप के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। अदाणी ग्रीन 7.59 प्रतिशत उछलकर 1,924 पर बंद हुआ।

## राशिफल

**मेष:** तनाव से बचने के लिए आज अपना कीमती समय बच्चों के साथ बिताएँ। आप बच्चों को ठीक करने की शक्ति महसूस करेंगे।

**वृष:** आज आपके सभी सोचे हुए काम पूरे होंगे। आज आपके लिए कई चीजें फायदेमंद हो सकती हैं। शादीशुदा लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है।

**मिथुन:** आज आप आत्मविश्वास से भरे होंगे। लेकिन क्रोध की अधिकता भी रहेगी। पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**कर्क:** ऑफिस का तनाव आपकी सेहत खराब कर सकता है। कुछ लोग जितना कर सकते हैं उससे अधिक करने का वादा करते हैं।

**सिंह:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आर्थिक मामलों में समझदारी से काम लेना आपके लिए बेहतर रहेगा। काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद हो सकती है।

**कन्या:** निजी मामलों से दूर रहें। कोई नया काम शुरू न करें, अच्छे समय का इंतजार करें। व्यापार से संबंधित यात्रा होगी। ऐसी यात्रा पर काफी पैसा खर्च हो सकता है।

**तुला:** आज आप दुविधा की स्थिति में खुद को असमंजस की स्थिति में पाएंगे। बैंक से जुड़े लेन-देन में बहुत सावधानी बरतने की जरूरत है।

**वृश्चिक:** आपका दिन पहले से बेहतर रहेगा। अपनी मेहनत से परिवार की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में सफल रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिल सकती है।

**धनु:** नौकरी और व्यवसाय की स्थिति अच्छी रहेगी। प्रतियोगिता में सफलता और रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। किसी कार्य के पूर्ण होने से आपके प्रभाव में वृद्धि होगी।

**मकर:** आपका कठोर व्यवहार आपके जीवनसाथी के साथ आपके संबंधों में तनाव ला सकता है। ऐसा कोई भी काम करने से पहले उसके अंजाम के बारे में सोच लें।

**कुंभ:** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। साथ ही आपको व्यापार में भी धन की प्राप्ति होगी। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**मीन:** आज आपको पद प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। आप किसी भी बीमारी से छुटकारा पा सकते हैं। मित्रों या जीवन साथी के साथ संबंध मधुर रहेंगे।

## चुटकुले

नहीं जा पाया आज मंदिर
तो घर में ही माँ के पैर दबा लिए
माँ की ममता भावनाओं में बह निकली,
जमा के 2 लात दी और बोली-
या तो तू ठीक से पैर दबा ले या फिर
मोबाइल चला ले।

---

एक देहाती पेंटिंग खरीदने गया-
सेल्समैन: यह 10 हजार रुपये की है।
आईल पेंट से बनी हुई है।
देहाती: पैसों की चिंता मत कर।
देसी घी में कुछ दिखा!

---

रिसर्च से पता चला है कि दुनिया की आधी पॉलीथीन
भारतीय महिलाओं ने
बेड के गद्दों के नीचे छुपा रखी है!

## रोचक तथ्यों का करंट

- इंद्रधनुष रंगावली का क्रम लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, नीलिगो, बैंगनी है।
- इंद्रधनुष न केवल बारिश में देखा जा सकता है बल्कि धुंध, स्प्रे, कोहरे और ओस में भी देखा जा सकता है, जब भी हवा में पानी गिरता है और दाएं कोण पर पीछे से चमकता हुआ प्रकाश होता है।
- अधिकांश इंद्रधनुष प्राथमिक इंद्रधनुष होते हैं, बाहरी किनारे पर लाल और भीतरी किनारे पर बैंगनी।
- यदि एक डबल इंद्रधनुष है तो दुसरे वाले के रंग प्राथमिक या पहली इंद्रधनुष के विपरीत क्रम में होते हैं।
- एक चंद्र इंद्रधनुष या चंद्रधनुष देखने के लिए, चंद्रमा केवल पूर्ण ही नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सूर्योदय से 2 से 3 घंटे के भीतर आकाश में 42 डिग्री से भी कम होना चाहिए, और निश्चित रूप से, बारिश बिल्कुल उस सटीक पल पर चंद्रमा के विपरीत होनी चाहिए।
- बहुत ही दुर्लभ अवसरों पर एक तीसरा और चौथा इंद्रधनुष भी हो सकता है।
- कुछ इंद्रधनुष में केवल एक रंग होता है और इसे 'मोनोक्रोम इंद्रधनुष' कहा जाता है।

## कलम बोलती आज तुम पर लिखूं

प्रस्तुति करंट क्राइम



**नरेंद्र राठी**
(कवि गाजियाबादी)



चाद, सितारे, धरा या नभ पर लिखूं,
कलम बोलती आज तुम पर लिखूं,
लिखूं तेरी सांसों पर,
सुरीले तेरे अल्फाजों पर,
लिखूं तेरी लहराती जुल्फों पर,
सुबह-सुबह की अंगड़ाई पर,
या लिखूं गर्दन तेरी सुराई-सी,
या बैठी दुल्हन तुम शर्माई-सी,
या लिखूं गुलाबी होंठों पर,
या इन झील-सी आंखों पर,
लिखूं हिरनी-सी तेरी चाल पर,
या इन सिंदूरी गाल पर,
गालों पर तेरे तिल पर लिखूं,
हंसती तुम जब उस पल पर लिखूं,
या गोरे तेरे रंग पर लिखूं,
तेरे हर अंग-अंग पर लिखूं,
चांद, सितारे, धरा या नभ पर लिखूं,
कलम बोलती आज तुम पर लिखूँ...

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# भारतीय खिलाड़ियों के पीएम यानी 'परम मित्र' जिन्होंने खेल को हार-जीत से परे बना दिया



**नई दिल्ली।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए आजकल 'परम मित्र' शब्द बड़ा प्रचलित हो रहा है। सोशल मीडिया पर इसकी काफी चर्चा रही है। पेरिस पैरालंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट एथलीट योगेश कथुनिया ने पीएम मोदी के लिए यह शब्द बोला था। यह खेलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगदान के प्रति खिलाड़ियों की सराहना का एक उदाहरण है। रियो ओलंपिक से पीएम मोदी ने खिलाड़ियों के साथ व्यक्तिगत स्तर पर बातचीत का जो सिलसिला चलाया है, उसने खिलाड़ियों के मनोबल को बहुत बढ़ाया है। इसका भारतीय खेलों को उल्लेखनीय फायदा हुआ है।

जब पेरिस पैरालंपिक खेलों में भारतीय दल इतिहास रचकर वापस लौटा तो पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से मुलाकात की थी। सिर्फ मेडलिस्ट ही नहीं, वह सभी खिलाड़ियों से एक जैसी गर्मजोशी से मिलते हैं। योगेश का एक शब्द खिलाड़ियों की पीएम मोदी के प्रति सराहना की चरम अभिव्यक्ति है, जिसके बाद खुद पीएम मोदी के मुंह से निकल गया था, 'वाह !'

योगेश ने कहा था, बाकि सभी लोगों के लिए आप एक पीएम हो सकते हैं लेकिन हम सब खिलाड़ियों के लिए 'पीएम' का मतलब है 'परम मित्र', जो हर परिस्थिति में खिलाड़ियों के साथ खड़ा है।

> "...बाकि सभी लोगों के लिए आप एक पीएम हो सकते हैं लेकिन हम सब खिलाड़ियों के लिए 'पीएम' का मतलब है 'परम मित्र', जो हर परिस्थिति में खिलाड़ियों के साथ खड़ा है।
> **योगेश कथुनिया, एथलीट, सिल्वर मेडलिस्ट**



चाहे जीत हो या हार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साया खिलाड़ियों के ऊपर एक अभिभावक की भांति बना रहा, जो लगातार देश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहे थे। टोक्यो ओलंपिक का वह पल कोई नहीं भूल सकता जब भारतीय महिला हॉकी टीम शानदार खेल दिखाकर भी कांस्य पदक से चूक गई थी। टीम की खिलाड़ियों की भावनाएं तब और उमड़ गई जब पीएम मोदी ने उन्हें फोन किया। खिलाड़ी बात नहीं कर पा रही थीं। आंखों में आंसू और जुबान में लड़खड़ाहट थी। तब पीएम मोदी ने कहा था, सबसे पहले तो आप रोना बंद करें। आपकी आवाज मुझ तक पहुंच रही हैं। आपको निराश होने की जरूरत नहीं है। इतने दशकों बाद भारतीय हॉकी पुनर्जीवित हो उठी है तो उसके पीछे आप जैसे खिलाड़ियों की कई सालों की मेहनत है। सबसे पहले आप रोना बंद करें.....यह वाक्य इतना प्रचलित हुआ था कि सोशल मीडिया पर आने वाले सालों में इसकी खूब मीम्स भी वायरल हुई। इन शब्दों के प्रभाव बड़े गहरे होते हैं। वह न केवल खिलाड़ियों के मन-मस्तिष्क पर छप जाते हैं बल्कि भारतीय खेल प्राधिकरण, या अन्य संबंधित फेडरेशन के आला पदाधिकारियों के कानों में भी गूंजते हैं।

# बांग्लादेश के मन में भारतीय स्पिनर का 'खौफ', बन सकते हैं कई रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** चेपॉक की पिच स्पिन के अनुकूल है। भारत और बांग्लादेश के बीच 19 सितंबर को पहला टेस्ट मैच यहीं खेला जाना है। पाकिस्तान को उसके घर में हराकर भारत आए 'टाइगर्स' के हौसले बुलंद हैं, लेकिन अश्विन की फिरकी और कैरम बॉल का 'खौफ' उन्हें सता रहा है, जबकि दूसरी तरफ इस दिग्गज ऑफ स्पिनर के निशाने पर कई बड़े रिकॉर्ड हैं।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अग्रणी विकेट लेने वालों की सूची में नंबर 1 स्थान हासिल करने से लेकर भारतीय धरती पर खेले गए मैचों में अनिल कुंबले के 476 विकेटों के आंकड़े को पीछे छोड़ने तक, आर अश्विन भारत और बांग्लादेश के बीच आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज में कई रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।




विश्व का यह नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज बांग्लादेश के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत के स्पिन आक्रमण की अगुवाई करेगा। सीरीज का पहला मैच अश्विन के घरेलू मैदान चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा और दूसरे मैच की मेजबानी कानपुर का ग्रीन पार्क स्टेडियम 27 सितंबर को करेगा। मंगलवार (17 सितंबर) को अश्विन अपना 38वां जन्मदिन मनाएंगे। इस खास मौके पर आगामी दो मैचों में वह कौन से रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं, उस पर एक नजर डालते हैं। बांग्लादेश के खिलाफ 2 पारियों में 5 प्लस विकेट लेते ही अश्विन ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉर्न से आगे निकल जाएंगे। साथ ही उनके पास टेस्ट विकेट के मामले में ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर नाथन लियोन से आगे निकलने का भी मौका है। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज के नाम फिलहाल 129 टेस्ट में 530 विकेट हैं, जबकि अश्विन 100 टेस्ट में 516 विकेट ले चुके हैं। बांग्लादेश के खिलाफ 15 विकेट लेकर अश्विन आगे निकल सकते हैं। फिलहाल उनके नाम 100 टेस्ट की 36 पारियों में 5 या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं। वॉर्न के नाम 37 पारियों में 5 प्लस विकेट लेने का रिकॉर्ड है। इस लिस्ट में टॉप पर श्रीलंका के पूर्व ऑफ स्पिनर मुरलीधरन हैं, जिनके नाम 67 बार 5 प्लस विकेट लेने का रिकॉर्ड दर्ज है।

# हैरी ब्रुक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में होंगे इंग्लैंड के कप्तान

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज हैरी ब्रुक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में कप्तानी करेंगे क्योंकि नियमित कप्तान जोस बटलर अपने दाहिने पैर की पिंडली की चोट से उबर नहीं पाए हैं।

इंग्लैंड के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज हैं हैरी ब्रुक

जोस बटलर को यह चोट द हंड्रेड टूनामेंट की तैयारी के दौरान लगी थी, जिससे वह न केवल इस टूनामेंट से बाहर हो गए, बल्कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही टी20 सीरीज में भी हिस्सा नहीं ले पाए। उनकी जगह फिल साल्ट ने बतौर विकेटकीपर और कप्तान टीम की कमान संभाली है।

पहले बटलर को इंग्लैंड की वनडे टीम में शामिल किया गया था, लेकिन उनकी रिकवरी उम्मीद से धीमी रही, जिसके कारण अब उन्हें सीरीज से बाहर कर दिया गया है। बटलर ने आखिरी बार इंग्लैंड के लिए टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ खेला था, जिसे इंग्लैंड 27 जून को गुयाना में हार गया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह सीरीज हैरी ब्रुक के लिए इंग्लैंड की अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कप्तानी करने का पहला मौका होगा। 25 वर्षीय ब्रुक ने अब तक 15 वनडे खेले हैं और श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में वह उपकप्तान रह चुके हैं। तब ओली पोप ने चोटिल बेन स्टोक्स की जगह कप्तानी की थी।

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने यह भी बताया कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश हल भी पिंडली की चोट के कारण वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टेस्ट में डेब्यू किया था। हल को अक्टूबर में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल किया गया है।

ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन को पांच मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम में लिया गया है। यह सीरीज 19 सितंबर को ट्रेंट ब्रिज में शुरू होगी। इसके बाद अन्य मैच ट्रेंट ब्रिज, हेडिंग्ले, लॉर्ड्स और चेस्टर-ली-स्ट्रीट में खेले जाएंगे।

लिविंगस्टोन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टी20 मैचों में शानदार प्रदर्शन किया था। खासकर कार्डिफ में खेले गए दूसरे मैच में 87 रनों की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई थी।



# बांग्लादेश के खिलाफ भारत तैयार

## विराट-रोहित के अलावा आर.अश्विन पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया और बांग्लादेश के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 19 सितंबर से होगा। पहला टेस्ट चेन्नई के मैदान पर खेला जाएगा। सभी खिलाड़ी चेन्नई पहुंच चुके हैं और प्रैक्टिस शुरू कर दी। भारतीय पिचों पर स्पिनरों को मदद मिलती रही है। ऐसे में इस सीरीज में बल्लेबाजों के लिए रन बनाना आसान नहीं होगा। गौतम गंभीर की बतौर कोच ये पहली टेस्ट सीरीज है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि उनके नेतृत्व में टीम इंडिया टेस्ट फॉर्मेट में किस अंदाज में खेलती है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम अपनी तैयारियों को और पुख्ता करने के लिए पहले ही खूब पसीना बहा रही है, जबकि दूसरी ओर पाकिस्तान को उसके घर में पस्त करने के बाद बांग्लादेश की क्रिकेट टीम भारत को चुनौती देने के लिए आत्मविश्वास से लबरेज होगी।



टीम इंडिया और बांग्लादेश के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 19 सितंबर से होगा। पहला टेस्ट चेन्नई के मैदान पर खेला जाएगा।

नजमुल हुसैन की कप्तानी वाली टीम बढ़े हुए मनोबल के साथ चेन्नई पहुंची है। बांग्लादेशी कप्तान ने भारत के खिलाफ सीरीज में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। हालांकि टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया का पलड़ा एकतरफा भारी रहा है और बांग्लादेश के लिए भारत को टेस्ट में हराना 'लोहे के चने' चबाना जैसा है। पाकिस्तान का दौरा करने से पहले बांग्लादेश ने उसे टेस्ट में नहीं हराया था लेकिन इस बार बांग्लादेश ने बड़ा उलटफेर करते हुए सीरीज भी जीत ली। ऐसे में रोहित शर्मा एंड कंपनी भी बांग्ला टाइगर्स को हल्के में नहीं ले सकती।

विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर.अश्विन जैसे अनुभवी और उम्रदराज खिलाड़ी अपने करियर के अंतिम पड़ाव में है। हालांकि, तीनों ही खिलाड़ी अपनी फिटनेस और फॉर्म के आधार पर बड़े-बड़े दिग्गजों को छकाने का माद्दा रखते हैं। एकतरफ दोनों ही बल्लेबाज टीम इंडिया के मुख्य बैटर हैं, जबकि विशेषज्ञ ऑफ स्पिनर अश्विन बांग्लादेशी बल्लेबाजों के लिए सबसे बड़ी परेशानी का सबब हो सकते हैं।

# भव्य उद्घाटन समारोह के साथ हुई उत्तराखंड प्रीमियर लीग की शुरुआत



यूपीएल 2024 के ड्राफ्ट में पुरुष और महिला दोनों टीमों के आइकन खिलाड़ियों का चयन हुआ

**देहरादून।** बहुप्रतीक्षित उत्तराखंड प्रीमियर लीग (यूपीएल) 2024 का आगाज रविवार को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शानदार उद्घाटन समारोह के साथ हुआ। इस मौके पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौजूद थे।

लीग में स्थानीय प्रतिभाओं को जगह दी गई है, और पूरे सीजन में रोमांचक मैच देखने को मिलेंगे। यह आयोजन इस क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने और स्थानीय खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक अहम कदम है।

यूपीएल 2024 के ड्राफ्ट में पुरुष और महिला दोनों टीमों के आइकन खिलाड़ियों का चयन हुआ, जिससे उत्तराखंड की क्रिकेट प्रतिभाओं को शामिल किया गया है। ड्राफ्ट प्रक्रिया उत्साहपूर्ण माहौल में हुई, जहां हर फ्रेंचाइजी ने अपने आइकन खिलाड़ियों को शामिल किया। यह ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने घरेलू क्रिकेट और अन्य स्तरों पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

# बर्थडे स्पेशल : गीता रानी वेटलिफ्टिंग में आर. रामचंद्र राव ने अंपायरिंग में छोड़ी छाप

**नई दिल्ली।** 16 सितंबर को खेल जगत से ताल्लुक रखने वाले ऐसी दो शख्सियत का जन्म हुआ था, जिन्हें ज्यादा लोकप्रियता नहीं मिली। पहला नाम राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारोत्तोलक गीता रानी का है जिनके नाम कई बड़े मेडल दर्ज हैं। दूसरा नाम क्रिकेट अंपायर आर. रामचंद्र राव का है, जिनका करियर बेशक छोटा रहा लेकिन उन्होंने अपनी सटीक और पैनी नजर से छाप जरूर छोड़ी।



गीता रानी (जन्म 16 सितंबर 1981) एक भारतीय भारोत्तोलक हैं। उन्होंने 2006 के राष्ट्रमंडल खेलों में महिला +75 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2004 में एशियाई चैम्पियनशिप में तीन रजत पदक और 2003 में हैदराबाद में आयोजित एफ्रो-एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। उनकी उपलब्धियों के लिए वर्ष 2006 में उन्हें 'अर्जुन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा गीता रानी कई बार विवादों में भी फंस चुकी हैं। डोपिंग जैसे बड़े मामलों में भी उनका नाम सामने आ चुका है।

रामचंद्र राव का जन्म 16 सितंबर 1931 हुआ था। रामचंद्र राव की फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अंपायरिंग की शुरूआत रणजी ट्रॉफी के साथ हुई थी। उनके जन्मदिन के अवसर पर एक नजर उनके करियर पर डालते हैं।

नवंबर 1975 में अलीगढ़ में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच हुए क्रिकेट मैच में उन्होंने डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने 20 फर्स्ट क्लास क्रिकेट मैचों में अंपायरिंग की थी। उनकी अंपायरिंग का सबसे यादगार मैच मार्च 1987 में हुआ, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में हुआ मुकाबला था।

# इंडियन रेसिंग फेस्टिवल : मोहम्मद रयान की पहली आईआरएल जीत

**चेन्नई।** रविवार को मद्रास इंटरनेशनल सर्किट (एमआईसी) में हुए इंडियन रेसिंग फेस्टिवल के तीसरे दौर में चेन्नई टर्बो राइडर्स के लिए एक रोमांचक दिन था। मोहम्मद रयान ने पोल से शुरू करके इंडियन रेसिंग लीग (आईआरएल) में अपनी पहली जीत दर्ज की। 22 साल के रयान की यह जीत उनके साथी जॉन लैंकेस्टर की शनिवार को रेस-1 में हुई जीत के बाद आई।

2019 के रोटैक्स कार्टिंग चैंपियन रेयान ने अपने घरेलू ट्रैक पर तेज शुरूआत की और लगातार बेहतरीन लैप्स पूरे करके आईआरएल में अपनी पहली जीत दर्ज की, जिससे उनकी टीम चेन्नई टर्बो राइडर्स में जश्न का माहौल बन गया।

जीत के बाद खुश रयान ने कहा, मेरी शुरूआत अच्छी रही और मैंने लगातार फोकस बनाए रखा। मुझे खुशी है कि मेरी टीम चेन्नई टर्बो राइडर्स ने इस वीकेंड दोनों आईआरएल रेस जीती और बड़े पॉइंट्स हासिल किए।




फॉर्मूला 4 इंडियन चैंपियनशिप में तीन रेसों में तीन अलग-अलग विजेता बने। रुहान अल्वा (श्राची रारह बंगाल टाइगर्स), वीर शेठ (अहमदाबाद एपेक्स रेसर्स) और दक्षिण अफ्रीका के अकील अलीभाई (ब्लैक बर्ड्स हैदराबाद) ने जीत दर्ज की।

दिन की पहली रेस में रुहान अल्वा ने पहले ही लैप में बढ़त बना ली और उन्हें रोकना मुश्किल हो गया। 15 मिनट के बाद सेफ्टी कार आई जिससे रेस धीमी पड़ गई। रेस के फिर से शुरू होने पर, अल्वा ने जीत हासिल की और रेस का सबसे तेज लैप भी उनके नाम रहा।


अगली रेस में जेडन परियत ने शुरूआत से बढ़त बनाए रखी, हालांकि अलीभाई से टक्कर के बाद उनका स्थान खिसक गया। परियत को बाद में टक्कर से बचने में नाकाम रहने के लिए 20 सेकंड की पेनल्टी दी गई, जिससे वह आठवें स्थान पर आ गए। इसके बाद वीर शेठ, रुहान अल्वा और अभय मोहन (बेंगलुरु स्पीडस्टर्स) ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

# मेरा लक्ष्य वही था जो मैं अपनी स्टेट टीम मुंबई के लिए करता हूं : शम्स मुलानी



ग्रामीण विकास ट्रस्ट स्टेडियम 'ए' में, मुलानी के 89 रनों की मदद से इंडिया ए ने पहली पारी में 93/5 की नाजुक स्थिति से बाहर निकलकर 290 रन बनाए। मुलानी ने चार विकेट भी चटकाए।

**अनंतपुर।** इंडिया ए के बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर शम्स मुलानी ने कहा कि दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर के मैच में इंडिया डी पर अपनी टीम की 186 रनों की जीत के दौरान उनका लक्ष्य वही करना था जो वे अपनी स्टेट टीम मुंबई के लिए करते थे। ग्रामीण विकास ट्रस्ट स्टेडियम 'ए' में, मुलानी के 89 रनों की मदद से इंडिया ए ने पहली पारी में 93/5 की नाजुक स्थिति से बाहर निकलकर 290 रन बनाए। उन्हें कुमार कुशाग्र और तनुश कोटियन का भी समर्थन मिला, जिससे इंडिया ए ने सम्मानजनक स्कोर बनाया, और वे मैच में इंडिया डी से आगे रहे। मुलानी ने इंडिया ए की शानदार जीत में अपनी बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी से चार विकेट भी लिए।



मैच खत्म होने के बाद उन्होंने कहा, इस गर्मी में यह कठिन था। मुझे इसकी आदत है। मैं वही दोहराना चाहता था जो मैं अपनी स्टेट टीम के लिए करता हूं। बल्लेबाजी करते समय अनुशासन ने मेरी बहुत मदद की। विकेट थोड़ा धीमा हो रहा था। एक-दो गेंदें पकड़ रही थीं। मैंने कप्तान और कोच से बात की, उन्होंने मुझे सही क्षेत्रों में गेंदबाजी करने के लिए कहा। इस जीत के साथ, इंडिया ए के छह अंक हो गए हैं और वह दलीप ट्रॉफी जीतने के लिए इंडिया बी और इंडिया सी के साथ दौड़ में है। इंडिया ए के कप्तान मयंक अग्रवाल ने कहा, जीत से बहुत खुश हूं। पहले सत्र के बाद हमने जिस तरह से पहली पारी में खेला, उसने हमारे लिए खेल बदल दिया। हमने पहली पारी में जिस तरह से गेंदबाजी की, उसने हमारे लिए जीत का आधार बनाया।

अग्रवाल ने कहा, क्योंकि हम जानते थे कि बहुत कुछ नहीं है। यदि आप निरंतरता के साथ गेंदबाजी करते हैं, तो बल्लेबाजों के लिए यह आसान नहीं है। हमने खिलाड़ियों के लिए ऐसा माहौल बनाने के बारे में बात की, जिससे वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा का बड़ा खुलासा

# डायमंड लीग फाइनल में टूटी हुई हाथ की हड्डी के साथ ले रहे थे हिस्सा

**ब्रुसेल्स।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने खुलासा किया कि वह शनिवार रात के डायमंड लीग फाइनल में टूटी हुई हाथ की हड्डी के साथ हिस्सा ले रहे थे।

नीरज सात खिलाड़ियों के बीच हुए फाइनल मुकाबले में ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स से सिर्फ एक सेंटीमीटर के अंतर से पीछे रहकर दूसरे स्थान पर रहे। नीरज ने तीसरी कोशिश में 87.86 मीटर की दूरी हासिल की, जबकि पीटर्स ने अपनी पहली कोशिश में 87.87 मीटर का थ्रो किया। जर्मनी के जूलियन वेबर ने 85.97 मीटर का थ्रो कर तीसरा स्थान हासिल किया।

नीरज सात खिलाड़ियों के बीच हुए फाइनल मुकाबले में दूसरे स्थान पर रहे

नीरज ने खुलासा किया कि इसी हफ्ते ट्रेनिंग के दौरान उनके बाएं हाथ की हड्डी टूट गई थी। इससे पहले नीरज चोपड़ा हाल ही में हुए पेरिस ओलंपिक के दौरान ग्रोइन में तकलीफ से जूझ रहे थे। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक हासिल किया था। एंडरसन पीटर्स को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक मिला था। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने इस इवेंट में ओलंपिक रिकॉर्ड बनाकर गोल्ड मेडल हासिल किया था।

नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया, 2024 का सीजन खत्म होने के बाद, मैं उन चीजों के बारे में सोच रहा हूं जो मैंने इस साल सीखी। इनमें शामिल है- सुधार, चुनौतियां, मानसिकता और अन्य चीजें।

मुझे सोमवार को ट्रेनिंग के दौरान चोट लगी थी और एक्स-रे में पता चला कि बाएं हाथ की चौथी हड्डी टूट गई है। यह मेरे लिए एक और दर्द भरी चुनौती थी। लेकिन मेरी टीम की मदद से मैं ब्रुसेल्स में हिस्सा ले पाया।



नीरज ने आगे कहा, यह इस साल का आखिरी मुकाबला था और मैं अपना सीजन ट्रैक पर खत्म करना चाहता था। भले ही मैं अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया, लेकिन यह सीजन मेरे लिए सीखने वाला रहा। अब मैं पूरी तरह फिट होकर वापस लौटने के लिए प्रतिबद्ध हूं। आप सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद।

# इंदिरापुरम में मिट्टी के गणेशजी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर 'मिट्टी के गणेश बनाओ' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता दो दिनों तक बच्चों के अलग-अलग ग्रुप में जारी रही । उन्होंने बताया कि गणेश चतुर्थी हिन्दुओं के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। साथ ही उन्होंने बताया कि संस्थान के सभी विद्यार्थियों ने मिट्टी के गणेशजी को कलात्मक एवं आकर्षक रूप दिया। मिट्टी के गणेशजी को घर में ही गमले में विसर्जित कर उसमें पौधे को उगाया जा सकता है, जिससे बढ़ते प्रदूषण में भी कमी होती है। उन्होंने कहा कि गणेशजी बच्चों को बहुत ही प्यारे होते हैं। इस अवसर पर लक्ष्य एक उड़ान फाउंडेशन की अध्यक्ष सुषमा गंगवार ने बताया कि बच्चों ने मिट्टी, मुलतानी मिट्टी, विभिन्न रंगों एवं रंग-बिरंगी पोशाकों से सुन्दर एवं आकर्षक गणेशजी की प्रतिमाएं बनाकर प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर ख्याति राज, मैत्री शर्मा, देव, अवनी, हरनिश, कल्यान, अदिति, इरा सिन्हा, काव्या, कियान जैन आदि लोग मौजूद रहे।

# लोहा मंडी की कुछ सड़कों के निर्माण के बाद, बाकी की सड़कें खस्ताहाल

## टूटी सड़कों के निर्माण के लिए अतुल जैन ने मयूर महेश्वरी को लिखा पत्र







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद की लोहा मंडी से संपूर्ण भारतवर्ष में लोहे और इस्पात की आपूर्ति सरकारी और गैर सरकारी परियोजनाओं में की जाती है और करोड़ों का व्यापार होता है जिससे काफी बड़ी मात्रा कर के रूप में सरकार के राजस्व में दी जाती है। पिछले काफी वर्षों से मूलभूत सुविधाओं के अभाव के साथ-साथ गाजियाबाद के औद्योगिक क्षेत्र और लोहा मंडी क्षेत्र की सड़कों की स्थिति बहुत खराब हो गई थी और लगभग सभी सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। गहरे-गहरे गड्ढे हो जाने की वजह से बरसात के दिनों में पानी भर जाता है और अन्य दिनों में वायु प्रदूषण बढ़ जाता है। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल ने लगातार पत्र और मुलाकात करके सड़क निर्माण के लिए निवेदन किया था। उत्तर प्रदेश राज्य योग विकास प्राधिकरण ने तीन सड़कें और एक सड़क नगर निगम ने थी जिसके लिए डॉक्टर अतुल कुमार जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया है। इन सड़कों के अतिरिक्त लगभग 10-12 सड़कें और हैं जिनकी हालत बहुत खराब हो गई है। गहरे-गहरे गड्ढे हो जाने के कारण उन पर वाहनों का संचालन मुश्किल





हो गया है। आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं इसलिए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी को और नगर निगम से भी निवेदन किया गया है कि शीघ्र से शीघ्र लोहा मंडी के साथ-साथ अन्य औद्योगिक क्षेत्रों की सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ करें जिससे उद्यमियों और व्यापारियों को सुविधा मिल सके और सभी मन लगाकर अपने उद्योग और व्यापार को ठीक से चला सकें।

# मोदीनगर में राष्ट्रीय लोकदल का कार्यक्रम आयोजित

## मासिक बैठक में संगठन विस्तार पर हुई चर्चा, पदाधिकारी बोले- बूथ स्तर तक जाए कार्यकर्ता





**मोदीनगर करंट क्राइम।** गाजियाबाद के मोदीनगर में राष्ट्रीय लोकदल का कार्यक्रम का आयोजन किया। यहां बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत और राज्य एससी-एसटी आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी मौजूद रहे।

इस दौरान मनीषा अहलावत ने कहा कि उनकी प्राथमिकता प्रत्येक पीड़ित महिला को न्याय दिलाना है। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष अमित त्यागी ने किया। प्रभारी हरवीर तालान व मनवीर भाटी ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया।

इस दौरान युवा नेता रोहित धीमान से अपने साथियों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान सांसद डॉ.राजकुमार सांगवान, प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ अमरजीत सिंह बिड्डी सहित कई मौजूद रहे।

## आज भारतीय किसान मजदूर मोर्चा का शहर के कई मुद्दों को लेकर हल्ला बोल

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** भारतीय किसान मजदूर मोर्चा शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर आज तहसील प्रांगण में हल्ला बोल का आयोजन करेगा। भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष व पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. बबली गुर्जर ने बताया कि नगर पालिका द्वारा हाल ही में की गई टैक्स, किराया वृद्धि व स्थानांतरण शुल्क में संशोधन किये जाने व बिना सुविधा दिये सीवर कर, कूड़ा कर, गृह कर तथा गांव सीकरी खुर्द की 18 सौ बीघा भूमि का दाखिल खारिज खोले जाने, रैपिड रैल के द्वारा डिवाइडर से सटे हुए गड्ढे तत्काल भरे जानें आदि मांगों को लेकर तहसील पर शहर के हजारों लोगों की उपस्थिति में तहसील प्रांगण में हल्ला बोल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। भारतीय किसान युवा मोर्चा के अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी उपचुनाव गाजियाबाद के चुनाव पर्यवेक्षक पं. सतेन्द्र शर्मा ने कहा कि वह मोर्चा के तत्वावधान में हजारों पीड़ित लोगों के साथ तहसील प्रांगण में 18 सितंबर से हल्ला बोल में हिस्सा लेंगे और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक्स-रे व अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा के साथ अन्य जरूरी सुविधाओं की मांग करेंगे और सीकरी माता भवन का लगभग 22 करोड़ रुपयों की भवन के नाम जमीन खरीदने की मांग करेंगे। इस प्रोटेस्ट को सफल बनाये जाने के लिए उन्होंने शहर के लोगों से जनसंपर्क करना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि इसके लिए लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है।

## गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन के खेत से ईख की फसल चोरी

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** गन्ना समिति मोदीनगर के पूर्व चेयरमैन के भोजपुर स्थित खेत से 700 गज में बोई ईख की फसल चोरी कर ली गयी। उनकी ओर से इस सबंध में गांव भोजपुर के दो लोगों के खिलाफ चोरी की नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। गांव बिशोखर निवासी राजकुमार नेहरा उर्फ प्रिंस गन्ना समिति मोदीनगर के पूर्व चेयरमैन हैं, उनका भोजपुर फजलगढ़ मार्ग पर खेत है, जिसमें ईख की फसल काटकर चोरी कर ली गयी। इस बावत उन्होंने गांव भोजपुर के ही मौहम्मद हामिद व राशिद के खिलाफ चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

## सीएम योगी से मिले विधायक विजयपाल आढ़ती

### हापुड़ में करोड़ों की सड़क निर्माण परियोजनाओं को मिली हरी झंडी, बोले- जल्द शुरू होगा काम



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ विधानसभा से विधायक विजयपाल आढ़ती ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान सड़क निर्माण योजनाओं को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। करोड़ों रुपए की लागत से शहर और देहात में सड़कों के निर्माण की हरी झंडी मिली है। जिससे लोगों को यातायात में सुगमता होगी और विकास की रफ्तार बढ़ेगी। लोक निर्माण विभाग ने हापुड़ में कई प्रमुख सड़कों का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही राजमार्ग 235 से हितकारी फार्म हाउस होते हुए असौड़ा मार्ग के लिए 55.36 लाख की मंजूरी मिली है। इसी प्रकार ग्राम खड़खड़ी से मलकपुर गुरुद्वारा संपर्क मार्ग के लिए 43.97 लाख, बछलौता ब्रिज की पटरी के लिए 77.55 लाख, सालेहपुर से कोटला मार्ग के लिए 8.15 लाख और नली इंटर कॉलेज से लोधा राजपूत की मंडी तक 26.53 लाख की राशि से सड़क का निर्माण होगा।

# खाली प्लॉट में से तीन डंफर उठा कूड़ा, पार्षद प्रतिनिधि बोले वादा किया






खाली प्लॉट में कूड़ा घर बनने के विरोध में पार्षद प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 4 में अलारा बैंकट हॉल के पास खाली प्लॉट मे नगर निगम ने अवैध तरीके कूड़ा घर बना दिया। इस समस्या लो लेकर रविवार को क्षेत्रीय लोगों ने प्रदर्शन किया। वार्ड 61 के पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी ने लोगों के समझते हुए कहा कि कूड़ा सोमवार को उठा दिया जाएगा। उन्होंने बता की निगम निगम के अधिकारियों से बात कर के रविवार की रात ही कूड़ा उठा दिया गया। उन्होंने कहा कि रविवार की रात 9 बजे तीन डंफर कूड़ा उठा गया है । और भविष्य में खाली प्लॉट में कूड़ा ना डले इस के लिए मिट्टी डलवाकर भराव करा दिया गया जिसे कूड़ा ना डाला जाए।। उन्होंने कहा कि यह प्लॉट आवास विकास का है, उन को भी पत्र भेज पर तार फेंसिंग के लिए बोला जाएगा। कूड़ा उठाने से लोगों ने पार्षद का आभार व्यक्त किया।

## रणनीति



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष पं. जीतू शर्मा ने जो रास्ते अभी भी ई-रिक्शा चलाने के लिए प्रतिबंधित हैं, उन्हें खुलवाने की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर सभी ई-रिक्शा चालकों की बैठक बुलाई। बैठक में बड़ी भारी संख्या में ई-रिक्शा चालक शामिल हुए और उन्होंने अपनी पीड़ा बताई। चालान के नाम पर अवैध उगाही तक की जाती है। हमने कर्ज लेकर ई-रिक्शा निकालकर परिवार को पालने का रास्ता चुना। अब जिला प्रशासन ने वो रास्ता भी बन्द कर दिया जिससे हम लोग भूखे मरने के लिए मजबूर हो गए हैं। इस मौके पर मनोज डबास, सोनू, हकीकत खान, शाकिर हुसैन, अकरम सलमानी, आरिफ सलमानी, सूरज भारद्वाज, मोहित कौशिक, मुकेश कुमार एडवोकेट, अमित कुमार, वाजिद खान, ताहिर हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

# एनडीआरएफ में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण

## पीयूष आनंद बोले- प्राकृतिक आपदाओं और आने वाली पीढ़ियों को बचाना है तो पेड़ लगाए



**मुख्य रूप से आम, सेब अनार, लीची, अमरूद, चीकू, आड़ू, आलू बुखारा तथा बोतल ब्रश के पौधे लगाये गये।**

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में आठवीं बटालियन एनडीआरएफ में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान कुल 151 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर एनडीआरएफ बल प्रमुख पीयूष आनंद समेत एनडीआरएफ के सभी अधिकारी, महिला और पुरुष जवान सम्मिलित हुए। इस दौरान एनडीआरएफ प्रमुख ने पेड़ लगाने के फायदे बताएं।

सोमवार को कमला नेहरू नगर स्थित आठवीं बटालियन एनडीआरएफ में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। बटालियन कैंपस में फलदार और छायादार के 151 पौधे लगाए गए। जिसमें से मुख्य रूप से आम, सेब अनार, लीची, अमरूद, चीकू, आड़ू, आलू बुखारा तथा बोतल ब्रश के पौधे शामिल थे।

इस दौरान एनडीआरएफ प्रमुख पियूष आनंद ने बताया की एनडीआरएफ पर्यावरण के संरक्षण के लिए हमेशा तत्पर रहती है। एनडीआरएफ की सभी बटालियन में हर वर्ष वृक्षारोपण किया जाता है। साथ ही पौधों की विशेष रूप से देखभाल की जाती है। जलवायु परिवर्तन की वजह प्राकृतिक आपदाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

ग्लोबल वार्मिंग का खतरा एवं बढ़ते तापमान को देखते हुए प्रत्येक नागरिक को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए। जिससे मौसम परिवर्तन से बचा जा सके प्राकृतिक आपदाओं में हो रही बढ़ोतरी को रोका जा सके और हमारे आने वाली पीढ़ी सुरक्षित रहे।




## अधिकारियों में दिख रही है कार्यक्रम की टेंशन

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते कुछ दिन कइ स्तर के अधिकारियों के लिए टेंशन वाले रहेंगे, ऐसी चर्चाएं हैं। गाजियाबाद में महाराज जी का कार्यक्रम है और कार्यक्रम को लेकर तैयारियां को तेज कर दिया गया है। कार्यक्रम सिटी में और उसी विधानसभा क्षेत्र में है जहां उपचुनाव होना है। कार्यक्रम को लेकर तैयारियों का स्तर यह है कि जो पंडाल बनाया जा रहा है वह बेहद आधुनिक और तकनीकी रूप से मजबूत है। उसमें हजारों लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। साथ ही गर्मी महसूस ना हो इसके लिए बड़ी संख्या में हर पिलर पर पंख और पंडाल का रंग भगवा थीम वाला रहेगा। पुलिस के सूत्रों ने बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम बनने के बाद बाबा का पहली बार इतना बड़ा पंडाल सजाया जा रहा है। तो वहीं सिटी जोन के सभी प्रमुख अधिकारियों को रामलीला मैदान घंटाघर की सुरक्षा व्यवस्था और तैयारी के लिए ऑन फील्ड कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया है कि रामलीला मैदान के एसी वाले भवन में सोमवार को कमिश्नरेट के नंबर दो स्तर के दो अधिकारी और सिटी वाले साहब से लेकर इलाके वाले साहब और खुफिया तंत्र के अधिकारियों से लेकर पुलिस महकमें के कई फेस रामलीला मैदान घंटाघर में मौजूद रहे हैं। साथ एक प्रशासनिक वाले साहब भी मौजूद रहे थे। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि इस बार जिस तरीके से पार्किंग वाले प्लेन से लेकर सीटिंग प्लान को बेहद फूल प्रूफ स्तर पर करवाया जाएगा। तो वहीं कार्यक्रम स्थल के आसपास बुधवार को इमरजेंसी सेवाओं की दुकान को छोड़ अन्य इलाका सुबह बंद रखा जाएगा। रामलीला मैदान घंटाघर के भीतर वही प्रवेश ले पाएगा, जिस पर पास होगा या पार्टी व आयोजन को लेकर निमंत्रण होगा। उधर सिटी जोन में उस सर्किल के वह सभी एसीपी फेस भी सोमवार को मैदान में नजर आए हैं, जो वहां बारी-बारी से पहले पोस्ट रह चुके हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पुलिस इस बार कई छूट भी दे सकती है, क्योंकि भीड़ का मैटर इस बार काफी अधिक रहने वाला है। ऐसा खुफिया जानकारी विभाग वाले ही दे रहे हैं। कुल मिलाकर देखना होगा कि सिटी वाले साहब सिटी वाले इलाके के एसीपी और थाने वाले प्रभारी कितना लोड लेकर इस कार्यक्रम को हिट करवा पाते हैं।



## हापुड़ में आज से भाजपा मनाएगी सेवा पखवाड़ा

**हापुड़।** हापुड़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर महात्मा गांधी की जयंती तक भाजपा सेवा पखवाड़ा मनाएगी। इस दौरान स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर और विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही भाजपा की नीतियों और सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य भी किया जाएगा।

प्रीत विहार स्थित भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने पदाधिकारियों और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यक्रम की शुरूआत रविवार सुबह 8 बजे नगर पालिका परिसर से प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल करेंगे। जो स्वच्छता अभियान का नेतृत्व करेंगे। इसके बाद दीवान इंटर कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन होगा। युवा मोर्चा द्वारा मंगलवार को जिला कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## दिनदहाड़े युवक से चेन लूटी: घर के बाहर गाड़ी खड़ी की, बाहर निकलते ही बदमाश ने मारा झपट्टा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के वसुंधरा इलाके में बदमाश ने दिनदहाड़े घर के बाहर एक व्यक्ति से सोने की चेन लूट ली। ये व्यक्ति कुछ समझ पाता, तब तक बदमाश गले से चेन तोड़कर फरार हो चुका था। मामले में इंदिरापुरम थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है।

वसुंधरा सेक्टर-एक निवासी निखिल वर्मा ने बताया- 15 सितंबर की दोपहर 3.10 बजे मैं गाड़ी खड़ी करके घर की तरफ आ रहा था। घर के गेट के पास ही बाइक सवार एक बदमाश पीछे से आया और सोने की चेन गले से तोड़कर भाग निकला। मैंने पीछा भी किया, लेकिन वो हाथ नहीं आया।

### बदमाश ने पहचान छिपाने को पहना हेलमेट

इस पूरी घटना का एक उउळश फुटेज भी सामने आया है। फुटेज में दिख रहा है कि बदमाश स्पोर्ट्स बाइक पर था और उसने पहचान छिपाने के लिए हेलमेट पहना हुआ था। गली में दो युवक मौजूद थे। एक शख्स मोबाइल पर बात कर रहा था, जबकि दूसरा शख्स निखिल अपने घर की तरफ आ रहा था।

निखिल का चेहरा घर की तरफ था, इसलिए उन्हें पीछे सड़क पर घूम रहे बदमाश के बारे में कुछ पता नहीं था। बदमाश ने इसी बात का फायदा उठाया और चुपके से पीछे से आकर चेन तोड़कर भाग गया।

## कांग्रेसियों का केंद्रीय मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन

### राहुल गांधी पर दिए बयान से है गुस्सा

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ सोमवार को गाजियाबाद में विजयनगर कोतवाली पर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बिट्टू पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की। दरअसल, कार्यकताओं में बिट्टू द्वारा राहुल गांधी को लेकर दिए गए बयान से गुस्सा था। युवा कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष शादाब अब्बासी ने कहा- भाजपा के कई बड़े नेता हमारी कांग्रेस पार्टी के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी के विषय में लगातार अनर्गल गैर संवैधानिक बयानबाजी करते रहते हैं, जो कि भारतीय कानून के दायरे में अपराध की श्रेणी में आता है।

इसी कड़ी में पंजाब राज्य से आने वाले केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने राष्ट्रीय चैनलों के सामने राहुल गांधी को आतंकी कहा है। चुने हुए सांसद को ऐसा नहीं कहा जा सकता है। प्रदेश सचिव इमरान मलिक, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण गौतम, साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष साहिल अब्बासी ने कोतवाली इंस्पेक्टर से केंद्रीय मंत्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। इस मौके पर एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष कादर, जिला महासचिव हर्ष सैन, रमेश प्रजापति, राहुल कश्यप, संजय जाटव, जमील अहमद, सोबी अब्बासी, छात्र नेता पीयूष कुमार, हैप्पी चौहान, अरुण कुमार, चरण सिंह उर्फ पप्पू आदि मौजूद रहे।

## उद्घाटन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महापौर सुनीता दयाल ने चुनाव के समय में जनता से जो वादे किये थे उनको पूरा किया। रविवार को मैन श्याम पार्क साहिबाबाद वार्ड 60, गली नंबर 3 की सड़क-नाली का कार्य शुरू हुआ, जो कि 25 सालों से रुका हुआ था।

## 9 करोड़ की लागत से होगा महामाया देवी मंदिर का सौंदर्यीकरण

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में नगर पालिका परिषद ने मोदीनगर के विकास का खाका तैयार कर लिया है। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन विनोद जाटव वैशाली ने बताया कि मोदीनगर में इंदौर के 56 बाजार और सराफा जैसे चार फूड बाजार बनाए जांएगे। इसके अलावा सीकरी खुर्द स्थित प्राचीन और पौराणिक महामाया देवी मंदिर का 9 करोड़ रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विनोद वैशाली द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि एल गोविंदपुरी और हापुड मार्ग सहित चार जगहों पर पालिका फूड मार्केट बनाएगी। जिसकी शुरूआत गोविंदपुरी से होगी। चेयरमैन ने बताया कि सीकरी खुर्द स्थित महामाया देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए पालिका की ओर से 9 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि नगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर रैपिड रेल के कार्य के चलते जगह-जगह गड्ढे बन गए है। जो बरसात में बहुत गहरे हो गए है। इस बारे में उनकी एनसीआरटीसी के अधिकारियों से बातचीत की।

# जर्मनी के कोलोन में नाइटक्लब के पास हुआ बड़ा विस्फोट, पुलिस ने किया अलर्ट

**कोलान ।** जर्मनी के कोलोन शहर में सोमवार की सुबह एक बड़ा विस्फोट हुआ। यह घटना होहेनजोलर्नरिंग इलाके के वैनिटी नाइटक्लब के प्रवेश द्वार पर हुई। इसके बाद पुलिस ने पूरे क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी। विस्फोट की खबर के साथ ही पुलिस ने लोगों को इलाके से दूर रहने की सलाह दी है।

**पुलिस ने दी चेतावनी :** कोलोन पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी कि होहेनजोलर्नरिंग रिंग रोड पर एक बड़ा पुलिस ऑपरेशन चल रहा है। स्थानीय निवासियों को इलाके से दूर रहने की चेतावनी दी गई है। इस विस्फोट के बाद से शहर में दहशत का माहौल है। पुलिस ने तुरंत इलाके को घेर लिया और सुरक्षा बढ़ा दी। विस्फोट का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। स्थानीय समयानुसार सुबह करीब पांच बजकर 50 मिनट पर यह धमाका हुआ। घटना वैनिटी नाइटक्लब के मुख्य प्रवेश द्वार पर हुई। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि, पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से इलाके को खाली करा लिया है।

विस्फोट के बाद से पूरे क्षेत्र में जांच की जा रही है और विस्फोट के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।



### पुलिस ने पूरे क्षेत्र को किया सील

विस्फोट के बाद पुलिस ने पूरे क्षेत्र को सील कर दिया। इसके अलावा, बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सहयोग करें। पुलिस लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी साझा कर रही है।

### जनता को अलर्ट रहने को कहा

पुलिस ने जनता को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत देने की सलाह दी है। स्थानीय निवासियों को उनके घरों में रहने और बाहर न निकलने की हिदायत दी गई है। इस घटना के बाद से पुलिस लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में लगी हुई है। पुलिस इस घटना के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, विस्फोट का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां हर संभावित एंगल से जांच कर रही हैं। पुलिस ने कहा है कि जल्द ही इस विस्फोट के पीछे के कारणों का पता लगाया जाएगा।

# मध्य यूरोप में 'आफत' की वर्षा : लगातार बारिश की वजह से उफान पर नदियां

**बर्लिन ।** मध्य यूरोप में बाढ़ से मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर आठ हो गई है। दरअसल, चेक गणराज्य में कई दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश के बाद से क्षेत्र के कई हिस्सों में नदियां उफान पर आ गईं। वहीं, यहां से हजारों लोगों को उनके घरों से सुरक्षित निकाला गया।

**इसलिए आई बाढ़ :** बोरिस नामक एक कम दबाव प्रणाली के कारण ऑस्ट्रिया से लेकर रोमानिया तक बारिश हुई। इसकी वजह से चेक गणराज्य और पोलैंड के बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में करीब तीन दशकों में सबसे भयंकर बाढ़ देखी गई।

**हजारों घर क्षतिग्रस्त :** कम से कम सोमवार तक अधिक बारिश और तेज हवाएं चलने का पूवार्नुमान है। हालांकि, रोमानिया में रविवार को बारिश कम हो गई, जहां एक दिन पहले बाढ़ का कहर था। सप्ताहांत में हजारों घर क्षतिग्रस्त हो गए, पुल बह गए और कम से कम 250,000 घर - मुख्य रूप से चेक गणराज्य में - बिजली कटौती से प्रभावित हुए।



### इन लोगों की हुई मौत

रविवार को दक्षिण-पश्चिमी पोलैंड में एक व्यक्ति डूब गया। इसके अलावा, ऑस्ट्रिया में बचाव कार्य में लगे एक दमकलकर्मी की मौत हो गई तथा रोमानिया में दो अन्य लोगों की मौत हो गई। वहीं, शनिवार को चार लोगों की मौत की जानकारी सामने आई थी। इसके अलावा, दमकल कर्मी के मौत वाले इलाके को आपदा क्षेत्र घोषित किया गया है। साथ ही गैर-जरूरी यात्रा के खिलाफ चेतावनी दी गई। चेक गणराज्य की सीमा के पास पोलैंड के ऐतिहासिक शहर ग्लूकोलेजी में एक पुल ढह गया और स्थानीय अधिकारियों ने रविवार तड़के लोगों को वहां से निकालने के आदेश दिए। स्थानीय मीडिया ने कहा कि पौलेंड मौसम संस्थान के अनुसार, स्ट्रोनी स्लास्की के पहाड़ी शहर में एक और पुल ढह गया, जहां एक बांध टूट गया।


# हमास के पास गाजा युद्ध जारी रखने की उच्च क्षमता

**यरूसलम ।** इस्राइल-हमास के बीच चल रहे संघर्ष को 11 महीने से अधिक का समय हो चुका है। इस संघर्ष के चलते करीब 1205 लोगों की मौत चुकी है, जिनमें ज्यादातर नागरिक थे। बावजूद इसके, हमास संघर्ष से पीछे हटने के लिए तैयार नहीं है। हमास के वरिष्ठ अधिकारी ओसामा हमदान का कहना है कि गाजा में हुए नुकसान के बावजूद फलस्तीनी इस्लामी आंदोलन के पास इस्राइल से लड़ना जारी रखने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं। हमदान की यह टिप्पणी इस्राइली रक्षा मंत्री योव गैलेंट के बयान के एक सप्ताह से भी कम समय के बाद आई है। गैलेंट ने बताया था कि हमास गाजा में सैन्य गठन के रूप में अब अस्तित्व में नहीं है।



# भूकंप के झटके से थर्राया कनाडा का ब्रिटिश कोलंबिया

**विशेष :** शंघाई ने तूफान 'बेबिन्का' के प्रभाव के चलते रविवार को सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दीं। बताया जा रहा है कि तूफान बेबिन्का सोमवार सुबह तड़के तट पर दस्तक देगा। चीनी मौसम विज्ञान प्रशासन के अनुसार, रविवार रात तक तूफान की गति 151 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की उम्मीद है, तथा इसे एक शक्तिशाली तूफान की श्रेणी में रखा गया है।



हवाई अड्डे के अधिकारियों ने कहा कि शहर के होंगकियाओ और पुडोंग हवाई अड्डों पर स्थानीय समयानुसार रात 8 बजे के बाद की उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, जिससे छह सौ से ज्यादा उड़ानें प्रभावित होंगी। यह भी घोषणा की गई कि इस दौरान कुछ राजमार्गों पर भी यात्रा प्रतिबंधित रहेगी।

तूफान बेबिन्का इस समय तट से कुछ सौ किलोमीटर दूर है। सरकारी मीडिया ने बताया कि शंघाई के एक जिले से 9,318 लोगों को निकाला गया है। इस बीच, पास के शहर झोउशान में, रेस्तरां, सुपरमार्केट और दुकानें दिन के लिए जल्दी बंद हो गईं, और सार्वजनिक परिवहन सेवाएं रोक दी गई हैं। इस तूफान से पूर्वी पर 10 इंच (254 मिलीमीटर) तक बारिश होने की आशंका है।

## नाइजीरिया में नाव पलटी, 40 लोग लापता

उत्तर-पश्चिमी नाइजीरिया में नाव पलटने से 40 लोगों के लापता होने की खबर है। राष्ट्रपति बोला टीनूबू ने रविवार को बताया कि दुर्घटना जम्फारा राज्य में हुई, जब किसान अपने घर जा रहे थे। राष्ट्रपति ने पीड़ितों को सहायता देने का वादा किया। पुलिस प्रवक्ता यजीद अबुबकर ने बताया कि दुर्घटना शनिवार को हुई और पांच लोगों को बचा लिया गया।

# श्रीलंका की राजनीतिक पार्टी का एलान - सत्ता में आए तो रद्द करेंगे अदाणी समूह का ऊर्जा प्रोजेक्ट

**कोलंबो ।** श्रीलंका की वामपंथी पार्टी जनता विमुक्ति पेरामुना यानी जेवीपी ने सोमवार को एलान किया कि अगर आगामी राष्ट्रपति चुनाव में उनकी जीत हुई तो वे श्रीलंका में अदाणी समूह के ऊर्जा प्रोजेक्ट को रद्द कर देंगे। सोमवार को एक कार्यक्रम के दौरान जेवीपी के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने यह एलान किया। दिसानायके नेशनल पीपल्स पावर गठबंधन की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं। जेवीपी भी इसी गठबंधन का हिस्सा है। श्रीलंका में अगले हफ्ते राष्ट्रपति चुनाव होने हैं।





### विवादों में है अदाणी का ऊर्जा प्रोजेक्ट

दिसानायके ने कहा कि अदाणी का प्रोजेक्ट श्रीलंका की ऊर्जा संप्रभुता के लिए खतरा है।

श्रीलंका में अदाणी समूह का प्रोजेक्ट विवादों में फंसा हुआ है और इसके खिलाफ अदालत में सुनवाई चल रही है।

अदाणी समूह श्रीलंका के उत्तर पूर्वी इलाकों मन्नार और पूनेरिन में पवन ऊर्जा का प्रोजेक्ट लगा रहा है। इस पर समूह करीब 44 करोड़ डॉलर खर्च करेगा। इस प्रोजेक्ट के तहत 484 मेगावाट पवन ऊर्जा का उत्पादन होगा। हालांकि पर्यावरणीय चिंता को लेकर इस प्रोजेक्ट का विरोध हो रहा है।

साथ ही आरोप है कि इस प्रोजेक्ट को अदाणी समूह को देते समय नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता भी नहीं बरती गई। इसे लेकर अदालत में सुनवाई चल रही है। प्रोजेक्ट को लेकर ये भी आरोप है कि इसमें ऊर्जा के लिए जो टैरिफ लगाया जाएगा, वह भी ज्यादा है।

### जेवीपी ने भारत-श्रीलंका के शांति समझौते का भी किया था विरोध

गौरतलब है कि जेवीपी का रुख भारत विरोधी रहा है। श्रीलंका के गृह युद्ध के हालात में भारत और श्रीलंका के बीच शांति समझौता हुआ था।

जेवीपी ने उस शांति समझौते का भी जमकर विरोध किया था। जेवीपी ने भारत-श्रीलंका शांति समझौते को देश से गद्दारी करार दिया था और उस वक्त समझौते का समर्थन करने वाले सत्ताधारी पार्टी के नेताओं, कार्यकताओं और समर्थकों की हत्या कर दी थी ।

# ट्रंप पर हमले के बाद कमला हैरिस पर एलन मस्क ने की विवादित टिप्पणी



**वॉशिंगटन ।** डोनाल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमले के बाद मशहूर अरबपति एलन मस्क ने हैरान करने वाली प्रतिक्रिया दी है। मस्क ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप पर जहां बार-बार हमले हो रहे हैं, वहीं कमला हैरिस और जो बाइडन पर कोई हमले की कोशिश भी नहीं कर रहा है। मस्क की इस टिप्पणी पर विवाद भी हो सकता है। एलन मस्क को डोनाल्ड ट्रंप का समर्थक माना जाता है और वह अक्सर सोशल मीडिया पर ट्रंप के समर्थन में पोस्ट करते रहते हैं।

### मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप पर हो रहे हमलों को लेकर उठाया सवाल

रविवार को एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप पर हमला हुआ। दरअसल फ्लोरिडा स्थित ट्रंप के आवास पर एक शख्स ने गोलीबारी की। हालांकि इस हमले में ट्रंप या किसी अन्य को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

इसे लेकर सोशल मीडिया पर खूब पोस्ट किए जा रहे हैं। ऐसे ही एक यूजर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि 'वे लोग डोनाल्ड ट्रंप को आखिर क्यों मारना चाहते हैं?' इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए मस्क ने लिखा कि 'और कोई जो बाइडन और कमला हैरिस पर हमले की कोशिश भी नहीं कर रहा है।' मस्क की इस टिप्पणी से यकीनन बाइडन और कमला हैरिस के समर्थक नाराज हो सकते हैं।

### ट्रंप पर हाल के दिनों में दूसरा जानलेवा हमला

हाल के दिनों में ट्रंप पर हुआ यह दूसरा हमला है। इससे पहले जुलाई में भी पेंसिल्वेनिया की एक रैली के दौरान ट्रंप पर जानलेवा हमला हुआ था, जिसमें ट्रंप बाल-बाल बच गए थे। अब रविवार को उनके फ्लोरिडा स्थित आवास के पास गोलीबारी हुई। हालांकि सीक्रेट सर्विस एजेंट्स ने संदिग्ध हमलावर को पकड़ लिया, जिसकी पहचान रेयान रूथ के रूप में हुई है। गोलीबारी के बाद रेयान रूथ झाड़ियों में छिपा हुआ था, लेकिन सीक्रेट सर्विस एजेंट्स द्वारा फायरिंग के बाद वह मौके से फरार हो गया। बाद में संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# हूतियों का इस्राइल पर पहली बार बैलिस्टिक मिसाइल से हमला, नेतन्याहू ने दी चेतावनी



**तेल अवीव।** ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने सभी को चौंकाते हुए इस्राइल पर पहली बार बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है। खास बात ये है कि इस्राइल का आयरन डोम और अन्य एयर डिफेंस सिस्टम इस बैलिस्टिक मिसाइल के सामने बेअसर साबित हुए। हालांकि गनीमत ये रही कि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ और यह मिसाइल एक खुले मैदान में गिरी। हूती विद्रोहियों के इस हमले से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने धमकी देते हुए कहा है कि इस हमले के लिए हूती विद्रोहियों को बड़ी कीमत चुकानी होगी।

### बैलिस्टिक मिसाइल के हमले में इस्राइल का आयरन डोम भी हुआ फेल

हूती विद्रोहियों के प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा है कि हूतियों ने इस्राइल पर हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है, जिसने महज साढ़े 11 मिनट में 2040 किलोमीटर की दूरी तय की।

इस्राइली सेना ने दावा किया है कि यह मिसाइल संभवतः हवा में ही तबाह हो गई और इसके टुकड़े खेतों और रेलवे स्टेशन के पास मिले थे। हमला स्थानीय समय के अनुसार, सुबह 6.35 बजे हुआ।

हमले के चलते तेल अवीव और पूरे मध्य इस्राइल में सायरन बजने लगे थे, जिससे लोग सुरक्षित स्थानों पर छिप गए। हैरानी की बात ये है कि इस्राइल का एयर डिफेंस सिस्टम आयरन डोम भी इस हमले को रोकने में नाकाम रहा।

### नेतन्याहू बोले- हूतियों को इस हमले की भारी कीमत चुकानी होगी

वहीं हूतियों के हमले पर इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों को इस हमले की भारी कीमत चुकानी होगी। नेतन्याहू ने कहा कि होदेदा बंदरगाह पर हमले की याद दिलाने की जरूरत नहीं है। उल्लेखनीय है कि जुलाई में भी हूती विद्रोहियों ने इस्राइल पर ड्रोन हमला किया था।

# ट्रंप पर हमला करने वाला अफगान सैनिकों को यूक्रेन भेजना चाहता था, पाकिस्तान को बताया सबसे भ्रष्ट



### यूक्रेन में अफगान सैनिकों को भेजने की योजना बना रहा था संदिग्ध आरोपी

रूथ ने साल 2023 में एक अमेरिकी न्यूज चैनल से बात करते हुए कहा था कि वह कुछ अफगान सैनिकों को पाकिस्तान और ईरान के रास्ते अवैध रूप से यूक्रेन भेजने की योजना बना रहा है। रूथ ने ये भी दावा किया था कि कई अफगान सैनिकों ने भी इसमें रुचि ली है। रूथ ने ये भी कहा कि हम पाकिस्तान के जरिए कुछ पासपोर्ट का इंतजाम कर सकते हैं क्योंकि पाकिस्तान एक भ्रष्ट देश है। रूथ का आपराधिक रिकॉर्ड भी है और वह कई बार राजनीति और विभिन्न मुद्दों पर सोशल मीडिया पर अपने विचार साझा करता रहा है। रूथ डेमोक्रेटिक पार्टी का समर्थक है और उसने साल 2019 में पार्टी को चंदा भी दिया था।

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप पर हमले के संदिग्ध आरोपी रेयान रूथ (58 वर्षीय) को लेकर चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। दरअसल साल 2023 में एक मीडिया इंटरव्यू में रेयान रूथ ने कहा था कि वह पाकिस्तान के रास्ते अफगान सैनिकों को यूक्रेन में लड़ने के लिए भेजने की योजना बना रहा। रूथ ने सोशल मीडिया पर कई ऐसे पोस्ट किए थे, जिसमें उसने रूस-यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन का खुलकर समर्थन किया था। यहां तक कि रूथ ने खुद भी यूक्रेन जाकर लड़ने की इच्छा जाहिर की थी।

### रविवार को हुआ ट्रंप पर हमला

रूथ पर आरोप है कि वह डोनाल्ड ट्रंप पर हमले की साजिश रच रहा था। रविवार को जब ट्रंप अपने फ्लोरिडा स्थित आवास पर गोल्फ खेल रहे थे तो उनसे कुछ ही दूरी पर रूथ झाड़ी में छिपा हुआ था। जैसे ही सीक्रेट सर्विस के जवानों ने उसे देखा तो उन्होंने फायरिंग कर दी। इसके बाद रूथ झाड़ियों से निकलकर एक कार में सवार होकर वहां से फरार हो गया था। हालांकि बाद में सीक्रेट सर्विस के जवानों ने रूथ का पीछा कर उसे पकड़ लिया था। सीक्रेट सर्विस के जवानों ने झाड़ी से रेयान रूथ की अत्याधुनिक एके-47 राइफल और कुछ अन्य सामान भी बरामद किया।

### ट्रंप का कट्टर आलोचक है संदिग्ध आरोपी

संदिग्ध आरोपी रेयान रूथ, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कट्टर आलोचक है। रूथ ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में दावा किया था कि ट्रंप अमेरिकी लोगों को गुलाम बनाना चाहते हैं। बीते जुलाई माह में जब ट्रंप पर पेंसिल्वेनिया में जानलेवा हमला हुआ था, तो उस वक्त रूथ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कमला हैरिस से अपील की थी कि उन्हें और जो बाइडन को पेंसिल्वेनिया की रैली में घायल हुए लोगों और मारे गए अग्निशमन कर्मचारी के परिजनों से मुलाकात करनी चाहिए। रूथ ने ये भी कहा था कि ट्रंप उनके लिए कुछ नहीं करेंगे।

# बांग्लादेश में हिंसा थमने के बाद भी हालात तनावपूर्ण



**ढाका ।** बांग्लादेश में भले ही हिंसा थम गई है, मगर तनाव अभी भी बना हुआ है। हाल ही में मंदिरों और सूफी दरगाहों को निशाना बनाने की खबरें सामने आई थी। इससे यहां के लोगों में चिंता बनी हुई है। ऐसे में अब श्रद्धालुओं और स्वयंसेवकों ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने धर्मस्थलों को किसी भी खतरे से बचाने का बीड़ा उठाया है।

### सिलहट में स्थित दरगाह पर हमला

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कुछ उपद्रवियों ने देर रात सिलहट में हजरत शाह परान दरगाह पर हमला किया, जब श्रद्धालु उर्स मना रहे थे। बता दें, 14वीं शताब्दी के सूफी संत शाह परान ने अपने मामा शाह जलाल के नेतृत्व में 1303 में सिलहट की विजय में भाग लिया था।

अब दरगाहों पर हो रहे हमलों की खबरों से श्रद्धालुओं में दहशत है। ढाका के बीचोंबीच स्थित गोलप शाह सूफी दरगाह में लंबे समय से सुरक्षा गार्ड रहे जहीर ने राजधानी के बाहर दरगाहों पर हमलों के बारे में सुनकर हैरानी जताई। उन्होंने कहा, 'दरगाहों में काफी चिंता बनी हुई। हम काफी दबाव में हैं। शरारती तत्वों ने दरगाहों पर हमला करने की धमकी दी।'



उन्होंने कहा कि हमलों को रोकने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गोलप शाह दरगाह सहित विभिन्न दरगाहों में सुरक्षा बलों और स्वयंसेवी समूहों को तैनात किया गया है। सेना समेत विभिन्न सुरक्षा बलों ने पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की है।

### अंतरिम सरकार ने हमलों की निंदा की

बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने हमलों की निंदा की और सुरक्षा बलों से कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा, 'हमारे संज्ञान में आया है कि शरारती तत्वों का एक समूह पिछले कुछ दिनों से देश में सूफी दरगाहों और मजारों पर हमला कर रहा है। अंतरिम सरकार किसी भी धार्मिक स्थल पर घृणास्पद भाषण और हमले की कड़े शब्दों में निंदा करती है। सरकार हमलों में शामिल उपद्रवियों को सजा दिलाने और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई शुरू करने के लिए काम कर रही है।

# चीन के शंघाई पहुंचा टाइफून बेबिन्का, बीते सात दशकों में नहीं आया ऐसा खतरनाक तूफान



**शंघाई ।** टाइफून (चक्रवाती तूफान) बेबिन्का सोमवार की सुबह शंघाई से टकराया। यह कैटेगरी-1 का तूफान है और इतना खतरनाक तूफान बीते 75 वर्षों से चीन में नहीं आया है। बेबिन्का तूफान के चलते शंघाई में 151 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चल रही है। हालात को देखते हुए शंघाई में सभी राजमार्ग बंद कर दिए गए हैं और बस और रेल यातायात को बर्खास्त कर दिया गया है।

### सैंकड़ों फ्लाइट्स और रेल यातायात रद्द

चक्रवाती तूफान बेबिन्का के चलते शंघाई में बीते दो दिनों में सैंकड़ों फ्लाइट्स रद्द हो चुकी हैं। साथ ही रेल यातायात भी बर्खास्त कर दिया गया है।

### हालात से निपटने के लिए हजारों की संख्या में राहत और बचाव कर्मी तैनात

चीन सरकार ने भी तूफान के हालात से निपटने के लिए तैयारी की हुई है। चीन ने शंघाई में हजारों की संख्या में राहत और बचाव कर्मियों की तैनाती की है और साथ ही कई जगहों पर राहत कैंप लगाए गए हैं, जहां आपात स्थिति में लोग शरण ले सकते हैं। इस साल यह चीन में आने वाला 13वां तूफान है। चीन के आपदा प्रबंधन विभाग ने चीन के अनहुई प्रांत में लेवल-4 की इमरजेंसी लागू की है। वहीं शंघाई और झेनजियांग में लेवल-3 का इमरजेंसी लागू की गई है।

### सोमवार की सुबह शंघाई से टकराया बेबिन्का तूफान

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सोमवार सुबह करीब साढ़े सात बजे बेबिन्का तूफान शंघाई पहुंचा। इससे पहले साल 1949 में इतना शक्तिशाली तूफान आया था, जिसे टाइफून ग्लोरिया के नाम से जाना जाता है। शंघाई, जो चीन का व्यापारिक केंद्र माना जाता है, वहां खतरनाक तूफान आम तौर पर नहीं आते हैं। हालांकि चीन का दक्षिणी इलाका प्राकृतिक आपदाओं से जूझता रहता है। बीते हफ्ते ही चीन के दक्षिणी प्रांत हेन्नान में यागी तूफान आया था। कैटेगरी-4 के यागी तूफान ने चीन में भारी तबाही मचाई थी।

चीन में इन दिनों त्योहारों की छुट्टियां चल रही हैं। ऐसे में सरकार ने लोगों से घरों के भीतर रहने की सलाह दी है। तूफान के चलते शंघाई के कई रिजॉर्ट, एम्यूजमेंट पार्क आदि पर्यटकों के लिए बंद कर दिए गए हैं। एयरपोर्ट्स पर बड़ी संख्या में फ्लाइट्स रद्द होने पर बड़ी संख्या में यात्रियों के ठहरने का इंतजाम किया गया है। साथ ही यात्रियों के खाने आदि की भी व्यवस्था की गई है।

# अंतरिक्ष की सैर के बाद सकुशल धरती पर लौटे इसाकमैन

**केप कैनवरल ।** अरबपति उद्योगपति और अंतरिक्ष यात्री जेरेड इसाकमैन अपने दल के साथ पृथ्वी पर सकुशल लौट आए हैं। रविवार तड़के फ्लोरिडा के ड्राई टोटुर्गास तट पर लैंडिंग के साथ ही उनकी पांच दिवसीय यात्रा समाप्त हो गई।



इसी के साथ वह चंद्र यात्रियों के बाद सबसे अधिक ऊंचाई पर घूमने वाले अंतरिक्ष यात्री बन गए हैं। उन्होंने पृथ्वी से लगभग 740 किमी ऊपर पहला निजी स्पेसवॉक किया। यह ऊंचाई अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन और हबल स्पेस टेलीस्कोप से कहीं अधिक है। एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के फॉल्कन-9 रॉकेट से मिशन मंगलवार को लॉन्च किया गया था।




# राहुल गांधी के आरक्षण विरोधी बयान को लेकर मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सपा-कांग्रेस को घेरा

## कहा, ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता प्रदेशभर में जिला स्तर पर करेंगे धरना-प्रदर्शन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने सोमवार को लोहिया नगर स्थित एक बैंकट हॉल में पत्रकारों से बातचीत की और कहा कि कांग्रेस के प्रमुख राहुल गांधी और उनकी पार्टी को पूरी तरह से निशाने पर लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी व कांग्रेस पर भी हमला बोला है। वहीं कश्यप ने कहा है कि कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में दलित और ओबीसी वर्ग के आरक्षण को खत्म करने की वो निंदा करते हैं। नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि नेहरू के कार्यकाल से लेकर इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और पूर्व के कांग्रेसी प्रधानमंत्री राहुल गांधी की तरह आरक्षण विरोधी रहे हैं। अमेरिका में राहुल गांधी द्वारा दिए गए आरक्षण विरोधी बयान को लेकर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने राहुल गांधी व कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि नेहरू जब प्रधानमंत्री थे, तो उन्होंने आरक्षण का विरोध किया था और इतना ही नहीं नेहरू जी ने ये भी कहा था कि आरक्षण वाले नौकरी पा जाएंगे तो सरकारी सेवा की क्वालिटी खराब हो जाएगी।

नेहरू ने ओबीसी आरक्षण के लिए गठित काका कालेलकर कमीशन की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। जब इंदिरा गांधी आई, तो उन्होंने भी ओबीसी आरक्षण पर रोक लगाकर रखी। जब देश ने उनको सजा दी, जनता पार्टी की सरकार बनी, तब मंडल आयोग बना। लेकिन फिर कांग्रेस आ गई और मंडल कमीशन की रिपोर्ट ठंडे बस्ते में डाल दी गई। इसके बाद राजीव गांधी ने भी अपनी सरकार में ओबीसी को आरक्षण नहीं मिलने दिया। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी आजादी के बाद से ओबीसी और दलित आरक्षण के विरोध में रही है। नरेंद्र कश्यप ने कहा कि इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कि जब नेहरू सरकार ने रिपोर्ट तैयार की तो उसमें आरक्षण की नीति को दबाने का काम किया गया, जो सालासर गलत था। इसके साथ ही जब इंदिरा गांधी आई तो उन्होंने भी आरक्षण विरोधी नीतियों का ही समर्थन किया और राहुल गांधी ने भी इसको लेकर कोई सकारात्मक सोच नहीं दिखाई थी।

अमेरिका में जिस तरीके से राहुल गांधी ने इंटरव्यू में बातचीत के दौरान छात्र-छात्राओं को संदेश देते हुए कहा कि जब उनका समय आएगा यानी राहुल गांधी का इशारा था कि जब उनकी सरकार आएगी तो ओबीसी, दलितों के आरक्षण को खत्म करने का फैसला लेंगे। नरेंद्र कश्यप ने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए उनके अमेरिका में दिए गए बयान की निंदा की है। प्रेसवार्ता में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, पप्पू पहलवान, मनोज यादव, राजेश गुप्ता, विजय धामा और सौरभ जयसवाल मंत्री प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




- नरेंद्र कश्यप ने कहा कर्नाटक-पश्चिम बंगाल में भी ओबीसी और दलितों का खत्म किया गया है आरक्षण
- गांधी परिवार ओबीसी और दलित आरक्षण का विरोधी रहा है

### विपक्ष मोदी को बदनाम करता है जबकि सपा-कांग्रेस की मानसिकता आरक्षण विरोधी

**करंट क्राइम।** ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि राहुल गांधी ने जिस तरीके से कांग्रेस के मंसूबों और अपनी दिल की बातों को इंटरव्यू में कहा है, वह बता रहा है कि राहुल गांधी और पूरा गांधी परिवार किस तरीके से चुनाव में अपने विरोधियों को साथ लेकर मोदी और भाजपा सरकार पर आरक्षण खत्म करने का आरोप लगा रहा था, जबकि यह राहुल गांधी और उनके परिवार की पुरानी सोच है। नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि गांधी परिवार आज भी इस मानसिकता के साथ है और वह दलित व ओबीसी वर्ग का विरोधी है। उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी और ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर के लक्ष्मण और राष्ट्रीय सचिव विनोद तावड़ेकर ने इस मानसिकता का खुलकर विरोध किया है। वही भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा ने निर्णय लिया है कि ऐसी मानसिकता वाले कांग्रेस पार्टी और उनके नेता राहुल गांधी का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।

### नरेंद्र कश्यप ने की राहुल गांधी के बयान की निंदा

**करंट क्राइम।** सड़क पर ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी राहुल गांधी के इस समाज विरोधी बयान की निंदा करेंगे और उनको सबक सिखाने का काम किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने सोमवार को गाजियाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि जिस तरीके से राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी दलित और ओबीसी समाज को वोट लेने के समय इस्तेमाल करती है और फिर आरक्षण को लेकर उसका मुंह बंद रहता है, यह अब उत्तर प्रदेश में नहीं चलेगा। उन्होंने कहा है कि पार्टी के ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी के निर्देश पर अब प्रदेशभर में जिला और मंडल स्तर पर कांग्रेस की पोल खोलने का कार्यक्रम किया जाएगा।

### गांधी परिवार कभी नहीं चाहता ओबीसी और दलितों का हित

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि ओबीसी मोर्चा राहुल गांधी के खिलाफ अब मैदान में आ गया है। प्रदेशभर में इसका असर देखने को मिलेगा, राहुल गांधी की सोच और दिल में आज भी गांधी परिवार के तरह ही दलितों और ओबीसी समाज के लिए वही धारणा है, जो उनके पिता और दादी रखती थी। उन्होंने कहा है कि ओबीसी समाज अब चुप नहीं रहेगा। कांग्रेसियों ने जिस घटिया मानसिकता का प्रदर्शन बीते चुनाव में किया था और अब उनके नेता अमेरिका में जाकर इस तरीके की बयानबाजी कर रहे हैं, उसे साफ होता है कि राहुल गांधी के मस्तिष्क में वही पुरानी सोच आज भी है। उत्तर प्रदेश ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि मंडल कमीशन की रिपोर्ट को लेकर भी कांग्रेस ने सदैव दलित और ओबीसी समाज के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है।

### ओबीसी मोर्चा ने की माफिया व मठाधीस वाले बयान की निंदा

करंट क्राइम। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने माफिया व मठाधीस वाले बयान की निंदा की है। साथ ही कश्यप ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी के साथ ही समाजवादी पार्टी भी दोहरी राजनीति करती है। उन्होंने कहा है कि समाजवादी पार्टी कभी गोरखपुर मठ के महंतों को लेकर बयानबाजी करती है, तो कभी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर व्यक्तिगत टिप्पणी की जाती है, जो सरासर गलत है। उन्होंने कहा है कि ओबीसी समाज अब कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के खिलाफ सड़कों पर आने के लिए तैयारी कर चुका है। जिसका नजरा जल्द ही उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जनपदों में देखने को मिलेगा। वहीं नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ आवाज बुलंद करने वालों को करारा जवाब देने के लिए खुद भी अपने पार्टी और मोर्चे के पदाधिकारी के साथ सड़क पर आने के लिए तैयार हैं।

# निगम के स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान की शुरुआत आज

## हजारों नागरिक उत्साहपूर्वक प्लॉग रन में करेंगे प्रतिभाग

### हर घर स्वच्छता का संदेश पहुंचाएगा निगम : नगर आयुक्त



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान को लेकर आज प्लॉग रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में गाजियाबाद शहर के हजारों नागरिक हिस्सा लेंगे जिनके द्वारा हिंडन नदी छठ घाट पर प्लॉग रन कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। आरडब्ल्यूए पदाधिकारीकरण, सामाजिक संस्थाओं तथा पार्षदों द्वारा गाजियाबाद नगर निगम के साथ मिलकर हिंडन नदी छठ घाट पर सफाई अभियान भी चलाया जाएगा। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया गाजियाबाद नगर निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान की शुरुआत प्लॉग रन कार्यक्रम से की जाएगी। हजारों नागरिकों के साथ-साथ गाजियाबाद के सांसद, विधायक तथा उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रीगण भी उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में गाजियाबाद नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर भी हिस्सा लेंगे। 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक लगातार स्वच्छता के कार्यक्रम चलेंगे जिसमें हर घर तक स्वच्छता का संदेश पहुंचाया जाएगा। जन-जन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### प्लॉग रन में हिंडन घाट की सफाई के साथ शहर को स्वच्छता का संदेश दिया जाएगा

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम महापौर तथा नगर आयुक्त के नेतृत्व में शहर को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहा है। आयोजित प्लॉग रन कार्यक्रम में भी हिंडन घाट की सफाई के साथ शहर को स्वच्छता का संदेश दिया जाएगा। स्वच्छता ही सेवा 2024 के क्रम में अनेक कार्यक्रम शहर में आयोजित होंगे जिसमें मुख्य रूप से 155 घंटे का महासफाई अभियान भी आयोजित होगा जिसमें रोटरी गाजियाबाद का विशेष सहयोग रहेगा। इसके अलावा आयोजित सभी कार्यक्रमों की तैयारी निगम कर रहा है। नगर आयुक्त के निर्देशानुसार अपर नगर आयुक्त अवनिंद्र कुमार तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सभी तैयारी पूर्ण की गई हैं जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई है। आज प्रात: 8 :00 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होगी जिसमें आगंतुकों हेतु आवश्यक व्यवस्था भी की गई है। जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत स्वच्छता की लहर हर घर तक पहुंचाई जाएगी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा शहर वासियों से कार्यक्रम में समय से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील भी की गई है। स्वच्छता हर नागरिक की जिम्मेदारी और कर्तव्य है। हर वर्ग शहर की स्वच्छता में उत्साहपूर्वक जुड़े मोटिवेट किया जा रहा है।

# शहीद नगर की गलियों में लगाए गए दिशासूचक बोर्ड

## लोगों ने पूर्व पार्षद हाजी मोहम्मद कल्लन का जताया आभार






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 34 दिशासूचक बोर्ड लगाए गए हैं। इससे वार्ड को नई पहचान मिल गई है। अब शहीद नगर से आने वालों को नहीं पूछना पड़ेगा कि कौन-सी गली कहां जा रही है। अब दिशासूचक पर एकत्रित जानकारी आपको सही पते पर भेज देगी। नगर निगम ने पार्षदों की मांग पर कई वार्डों में दिशासूचक बोर्ड लगाए हैं। वार्ड 90 में यह बोर्ड लगाए गए हैं। इसके बाद अन्य वार्डों में भी दिशासूचक निगम द्वारा लगाए गए हैं। पूर्व पार्षद हाजी मोहम्मद कल्लन ने बताया कि पहले बाहर से आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को परेशानी का सामना करना पड़ता था। दिशासूचक नहीं होने के कारण कोरियर, चिट्ठी आदि भी सही समय पर नहीं पहुंच पाती थी। लोगों को इससे होने वाली कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे अब लोगों ने राहत की सांस ली है। गली नंबर लगने के बाद लोग आसानी से कहीं भी आ-जा सकते हैं। इससे अब भ्रमित नहीं होते हैं। उन्होंने बताया कि तंग गली होने में कार फंस गई। कुछ लोगों को बुलाया और वैन उठाकर पीछे की। तभी सोच लिया कि गलियों में दिशासूचक लगवाने होंगे ताकि फिर कोई कार न फंसे। वे जुट गए और अब वे अपने वार्ड की हर गली में दिशासूचक बोर्ड लगवा रहे हैं। मेरे पार्षद काल में ही 77 दिशासूचक बोर्ड नगर निगम द्वारा लगवाए गए थे। यह वार्ड जयपाल चौक, कल्लन चौक, नूरी मस्जिद चौक, विनय कालोनी, दीनबंधु इंटर कॉलेल, डाकघर वर्ड में आते हैं। तंग गली में कार फंसी तो सूझा उपाय, अब लोगों को मिल रही है सुविधा।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वुडहिल कंपनी के डायरेक्टर तथा विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं एवम स्पोर्ट्स गतिविधियों से जुड़े विवेक भाटी हमेशा अपनो की खुशी में शामिल होते हैं। उत्तराखंड राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के जन्मदिन पर विवेक भाटी ने उनके आवास पर पहुंच कर उन्हे जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी। उनके उत्तम स्वास्थ, लंबी आयु तथा यशस्वी जीवन की कामना की। विवेक भाटी ने अपनी इस पोस्ट को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम उठते सवालों का करंट




- क्यों कहा कहने वाले ने कि शर्मा एंड कंपनी को लेकर नहीं खोई है भगवा बॉबी भैया की मोहब्बत की चाबी? उन्होंने जिस तरह पूर्व वालों से अपनी मोहब्बत के इजहार को कायम रखा? उससे साबित हो गया कि वो हैं कैड़े वाले त्यागी? कहने वाले ने कहा मैं था भगवा कमांडर के बर्थडे पर मौजूद? तब बॉबी भैया का नजर आ रहा था अजय जी के साथ वजूद? किसी ने कर दिया यहां पर बॉबी जी से अजय जी के टिकट को लेकर सवाल? तब बॉबी भैया ने दिल से निकाल दिया मोहब्बत का ऊबाल? कहा मेरे दिल की है यही तमन्ना, अजय भैया को देखना चाहता हूं मैं विधायक बनना?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर से चोटी वाले त्यागी जी की मोहब्बत मार रही है ऊफान? सुना है उनकी एक घोषणा ने ला दिया है भगवागढ़ की राजनीति में तूफान? कर दिया है कमांडर के टिकट होने पर उन्होंने 21 पेटी सहयोग का ऐलान? मगर साथ में यह भी कहा है कि ये सहयोग चंदा करके दिया जायेगा? बस कैसे ही पूरे होने दो हमारे टिकट के अरमान? जो कर रहे हैं दूसरे तरीके से सहयोग की बात? उस पर आप ध्यान मत दो? वो तो दिलजलों ने अफवाह का माहौल बनाया हुआ है साहब?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि पूर्व भगवा त्यागी मैम्बर ने भाजपा के कार्यालय को बना लिया है आजकल अपना चैम्बर? सुना है कुछ बड़ा पद पाने की उनके दिल में जग गई है आस? आज कल वो खूब नजर आ रहे हैं कार्यालय पर संगठन वालों के आस-पास? लगा लिये हैं उन्होंने पार्टी कार्यालय के दस राउंड? रोजाना मजबूत कर रहे हैं वो अपना ग्राउंड? देखना अब ये है कि तर्क वाले त्यागी जी का कितना रखा जायेगा ध्यान? उनकी क्रान्ति की गाथाएं बढ़ाती हैं गाजियाबाद का मान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि सिर्फ ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि के खास मैम्बर ने ही नहीं किया है बड़े साहब से बात नार्मल करने का प्रयास? सुना है इस मामले में संगठन वालों ने भी पूरा बीड़ा उठाया हुआ है साहब? मगर सुना है ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि हैं अभी भी बहुत ज्यादा नाराज? नहीं मान रही हैं वो किसी की भी बात? कहने वाले ने कहा कि मैडम के तेवर को देखकर अब तस्वीर हो रही है स्पष्ट? देने वाले ने दी है उनके दिल को चोट जबरदस्त? इसलिए वो अपने गुस्से को किसी भी रूप में नहीं होने दे रहीं हैं ध्वस्त?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे हैवीवेट वाले मंत्री जी के पास? हमारी सिक्स्थ सेंस ने कहा थोड़ी देर में नदिया पार के तीन ठाकुर मैम्बर जरूर दिखाई देंगे उनके आस-पास? कुछ ही पलों में दूर हो गया हमारा ये डाउट? मंत्री जी के सामने हमने भगवा सोलंकी जी को कुछ ही देर में विराजे देखा? फिर निर्विरोध भगवा मैम्बर भाटी जी को आते देखा? थोड़े ही समय बाद तीसरे भाटी जी ने भी दिखा दिया मंत्री जी के साईड खड़े होकर अपना वजूद? कहने वाले ने कहा आप भी मौके पर होते तो टी-सीरीज वालों का ये मोहब्बत वाला सीन आपको भी दिखाई देता खूब?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि सुना है फसाना जी पर एक ओबीसी चेहरे हो गये हावी? पता चला है कि जब उनके पास आई दिल्ली की तस्वीरें? तो उन्होंने बना लिया मिशन फिनिश करने का प्लान? ओबीसी चेहरे को पता चल गया था कि फसाना जी का मजबूत दिख रहा था गाड़ी में तराना? उनको संदेश मिल गया था कि खुलने वाला है कोई बड़ी जिम्मेदारी से इनकी किस्मत का खजाना? फिर यहां पर चल दिया ओबीसी चेहरे ने गढ़े हुए अवशेष निकालकर अपना खेल? स्टेशन पर पहुंचने से पहले ही रोक दी उन्होंने तमन्नाओं की रेल?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे भगवा कमांडर के बर्थडे पर मौजूद? यहां पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का चेहरा काफी देर तक हमें दिया दिखाई? हमने मंत्री जी से पूछा आज कमांडर के बर्थडे पर क्या आप विधानसभा वाली शुभकामनाओं से उनको देंगे कोई तोहफा? सवाल जैसे ही हुआ, वैसे ही मंत्री जी ने नहीं दिया कोई मौका? कहा मैं बस आपसे इतना ही कहना चाहता हूं साहब? जैसा मैं अपने छोटे भाई को आशीर्वाद देता? वैसा ही मेरा है कमांडर को भी आशीर्वाद? ये शब्द कहकर मंत्री जी हो गये वापस रवाना? मगर हमें ध्यान आया कि उनके भाई राजनीति तो करते ही नहीं है? फिर क्या है उनके कमांडर को दिये इस आशीर्वाद का तराना?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पता चला है कि ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि और भगवा कमांडर की ट्यूनिंग हो गई है अब पहले से बैटर? सुना है सोमवार को दोनों की हुई लगभग दो घंटे वार्ता? जिसमें सुलझाये दोनों ने कई मैटर? कहने वाले ने कहा कि जल्द ही सामने आयेगा इस बैटर ट्यूनिंग का पैगाम? दुकानों के किराये से लेकर टैक्स वाली समस्या का निकलेगा समाधान? वैसे भी आज कार्यकारिणी चुनाव है? बाकी बढ़िया ट्यूनिंग के नजारे आज आपको दिखाई देंगे श्रीमान? पता चला है दोनों लेवल से बना है चुनाव को निर्विरोध कराने का भी प्लान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जिस दिन था भगवा कमांडर का बर्थडे? उस दिन पूर्व अध्यक्ष अजय शर्मा ने मैन इन ब्लैक का लिया था अवतार? फोटो वाले पंडित जी भी उस दिन ब्लैक शर्ट में नजर आ रहे थे, जब दिखाई दे रही थी कमांडर के बर्थडे की बहार? ब्लैक ड्रेस कोड पर फिर हैवीवेट वालों ने दी मौके पर अपनी राय? उन्होंने कहा ये कलर सामने वाले को संदेश देने के लिए पहना गया है? अब समझने वाला समझे या फिर हमारी बात को ना समझ पाये?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा क्रान्तिकारी त्यागी जी अब कुछ दिनों तक रखेंगे शांति? फिलहाल नहीं करेंगे वो दिल वाले ज्वलंत मुद्दों पर बात? सुना है भविष्य की कुछ बातों को लेकर रख दिया है अब उन्होंने अपने दिल पर हाथ? देने वालों को दे दिया है उन्होंने ये संदेश? फिलहाल हम कूल रहेंगे, पिक्चर में आ गया है वो चेहरा? जिसका है हमारे दिल पर पहरा? इसलिए बंद कर दिया है हमने क्रान्ति का चैप्टर? क्योंकि जिस चेहरे से हम करते हैं मोहब्बत, उनसे बड़ा नहीं हो सकता है कोई और भी मैटर?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।